हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 95, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 2 अक्टूबर, 2023 दिन सोमवार | गाजीपुर/वाराणसी

## सीएम योगी ने किया श्रमदान, झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

### स्वच्छ भारत अभियान से लोगों में साफ-सफाई को लेकर आई जागरुकता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नैमिषारण्य में श्रमदान कर स्वच्छता के लिए संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान से लोगों में साफ-सफाई को लेकर जागरुकता आई है। स्वच्छ भारत अभियान अब जनांदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि मेरा यह सौभाग्य है कि जिस तीर्थ की महिमा का रामचरित मानस जैसे पौराणिक ग्रन्थ में उल्लेख किया गया है। वहां, प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छता ही सेवा के माध्यम से स्वच्छांजलि देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि ऋषि मुनियों ने आध्यात्मिक साधना से ये धरोहर दी है। इस पौराणिक तीर्थ में



चक्रतीर्थ व मां ललिता देवी के दर्शन किए। यह महर्षि दधीचि के त्याग व बलिदान की धरती है। आज नैमिष तीर्थ चमक रहा है। हमें इसे साफ करना चाहिए। ये हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जबसे स्वच्छ भारत अभियान को प्रधानमंत्री मोदी ने जनांदोलन बनाया तबसे मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू व काला जार सभी बीमारियां समाप्ति की ओर जा रही हैं। मुख्यमंत्री योग ने कहा कि हमें तीर्थ स्थानों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि प्रतिदिन एक घंटा स्वच्छता के लिए अवश्य दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मियों को सम्मान मिलना चाहिए। हमारी सरकार सफाई कर्मियों को न्यूनतम वेतन की गारंटी देगी।

### छुट्टी की सूचना

सूचित किया जाता है कि गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2023 को प्रखर पूर्वांचल कार्यालय में अवकाश रहेगा।

अतः समाचार पत्र का अगला अंक एक दिन बाद प्रकाशित होगा।

-व्यवस्थापक

### 'स्वच्छता पर हर नागरिक समझे अपना कर्तव्य', केंद्रीय मंत्री ने देशवासियों से की अपील

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा है कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए देश-समाज के हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और अपने आसपास का वातावरण साफ रखने में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई रखने से न केवल वातावरण साफ रहता है, बल्कि लोग स्वस्थ भी रहते हैं। स्वच्छ भारत दिवस की मुहिम में संगठन 'सोशल लैब' के साथ शनिवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे और सांसद मीनाक्षी लेखी ने मैराथन में भाग लिया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने कूड़ा उठाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश भी दिया। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने इस अवसर पर दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार पर जमकर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि सफाई के लिए पूरा फंड केंद्र सरकार दे रही है। लेकिन इसके बाद भी अरविंद केजरीवाल यही दिखाना चाहते हैं कि हर काम उनके द्वारा किया जा रहा है। लेखी ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार राजधानी को साफ-सुथरा रखने में असफल साबित हो रही है। मीनाक्षी लेखी ने कहा कि दिल्ली में यदि कुछ बेहतर हो रहा है तो उसका बड़ा श्रेय उपराज्यपाल वीके सक्सेना को दिया जाना चाहिए। उनकी पहल के कारण राजधानी में कई अहम कार्य चल रहे हैं।

## 'परिवारवादी पार्टियां सिर्फ परिवार का भला करने में जुटीं', पीएम मोदी बोले- भाजपा को देश के हर परिवार की चिंता

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तेलंगाना के महबूबनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए के चंद्रशेखर राव सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां महज अपने ही परिवार का भला करने में जुटी हुई हैं, लेकिन भाजपा को देश के सामान्य नागरिकों के परिवार की चिंता है। हमारा पूरा ध्यान जनता को बेहतर जीवन और अवसर देने पर है। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सर्वप्रथम देशवासियों से 'स्वच्छता कार्यक्रम' से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि यहां आने से पहले मुझे सुबह स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। मैं देशवासियों से स्वच्छता के कार्यक्रम से जुड़ने का आह्वान करता हूं कि वे भी एक घंटा निकाल कर इस अभियान में शामिल हों। इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हाल के वर्षों में तेलंगाना के लोगों ने लोकसभा, विधानसभा और निकाय चुनाव में भाजपा को मजबूत किया है। आज यहां जो जनसैलाब दिख रहा है, उससे मैं आश्वस्त हूं कि तेलंगाना के लोगों ने बदलाव का अपना इरादा पक्का कर लिया है। उन्होंने कहा, तेलंगाना बदलाव चाहता है, क्योंकि राज्य में भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि पारदर्शी और ईमानदार



सरकार चाहिए। साथ ही तेलंगाना को जमीन पर काम और भाजपा की सरकार चाहिए।

**'किसानों से किया गया झूठा वादा'**- उन्होंने कहा कि तेलंगाना में किसानों से कर्ज माफ करने का वादा किया गया था। हालांकि, झूठे वादों के कारण कई किसानों की जान चली गई। राज्य सरकार ने उनकी समस्याओं पर कभी ध्यान नहीं दिया। यहां पर हमारी सरकार नहीं है, इसके बावजूद हमने किसानों की मदद के लिए सब कुछ किया। हमने वर्षों से बंद पड़े रामागुंडम फर्टिलाइजर प्लांट को फिर से शुरू किया।

## मुख्तार अंसारी पर चला आयकर विभाग का डंडा, डेढ़ करोड़ की संपत्ति अटैच की

लखनऊ। आयकर विभाग ने माफिया मुख्तार अंसारी पर डंडा चलाते हुए उसकी डेढ़ करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति अटैच कर ली। यह संपत्ति लखनऊ के डालीबाग इलाके में स्थित है। इसके पहले गाजीपुर पुलिस भी इस संपत्ति को कुर्क कर चुकी थी। लखनऊ कैंट थानाक्षेत्र में हमले के मामले में माफिया मुख्तार अंसारी ने गवाह की गवाही न कराने की मांग की। आशंका जताई है कि गवाह टूट सकता है। एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश हरबंस नारायण ने मुख्तार के गवाह रमेश की गवाही को समाप्त कर दिया। अगली गवाही के लिए 16 अक्तूबर की तारीख तय की है। इससे पहले मुख्तार अंसारी की ओर से कोर्ट में अर्जी देकर बताया गया कि वह मामले का वादी है और उसने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए रमेश को तहरीर लेकर भेजा था।

## करीम के प्यार में दिलरुबा ने छोड़ा अपना वतन फिर मिला धोखा, लोग बोले- सबकी किस्मत सीमा हैदर जैसी नहीं

श्रावस्ती। पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर और नोएडा के सचिन की तरह ही एक और प्रेम कहानी सरहद पार से इंटरनेट मीडिया पर परवान चढ़ी और प्रेम दीवानी अपने तीन बच्चों को लेकर बांग्लादेश से श्रावस्ती आ गई। हालांकि, इस प्रेम कहानी की नींव झूठ पर रखी गई थी, इसलिए मुलाकात के बाद ही कहानी का अंत हो गया। जिस प्रेमी पर भरोसा करके एक विधवा महिला अपना वतन छोड़कर पहुंची, वह शादीशुदा निकला। महिला वापस बांग्लादेश के लिए रवाना हो गई। श्रावस्ती निवासी अब्दुल करीम बहरीन (खाड़ी देश) के होटल में कारीगर था। वहां काम करने के दौरान ही इंटरनेट मीडिया पर उसकी दोस्ती बांग्लादेश की चटग्राम निवासी दिलरुबा शर्मी से दोस्ती हुई। धीरे-धीरे दोस्ती प्रेम में बदल गई। प्यार परवान चढ़ा तो प्रेमी से मिलने के लिए प्रेमिका ने 20 सितंबर को अपना और तीन बच्चों का टूरिस्ट वीजा बनवाया।



26 सितंबर को विमान से बच्चों के साथ वह कोलकाता आई। उसी दिन कोलकाता से अमौसी हवाई अड्डा, लखनऊ पहुंची। इसी समय अब्दुल करीम भी बहरीन से लखनऊ पहुंचा। बच्चों के साथ दोनों बस से बहराइच आए। 27 और 28 सितंबर को बहराइच शहर में एक होटल में रुके। 29 सितंबर को भरथा रोशनगढ़ गांव पहुंचे। घर पहुंचने पर प्रेमी अब्दुल करीम की पहली पत्नी ने हंगामा शुरू कर दिया। आसपास के लोगों ने एसएसबी व पुलिस को सूचना दे दी। जांच के दौरान बांग्लादेशी महिला के सारे दस्तावेज वैध मिले। महिला ने पुलिस को बताया कि अब्दुल करीम ने खुद को अविवाहित बताया था। यहां पहुंचने के बाद पता चला कि वह पहले से विवाहित है, ऐसे में वह यहां नहीं रहना चाहती। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया महिला वापस जाना चाहती थी। उसे सुरक्षा मुहैया कराते हुए ट्रैवल एजेंसी लखनऊ के पास भेज दिया गया है।

## रामपुर में बड़ा हादसाः किसान के भूसाघर की कच्ची दीवार गिरी, मलबे में दबने से तीन बच्चों ने दम तोड़ा, दो जख्मी

रामपुर। रामपुर जिले के ग्राम सनकरी निवासी किसान आले हसन के भूसाघर की कच्ची दीवार रविवार की दोपहर को अचानक भर-भराकर गिर गई। इसके मलबे में दबकर गली में खेल रहे इनायत (5) पुत्री जब्बार, अल्तमस (3) पुत्र सद्दाम निवासी ग्राम सनकरी तथा अलीम (3) पुत्र शन्नू निवासी ग्राम उदयपुर मिलक की मौके पर ही मौत हो गई। शारिक (5) पुत्र सत्तार और छोटे की तीन वर्षीय पुत्री अनम गंभीर रूप से जख्मी हो गई। पांचों बच्चे घर के पास ही खेल रहे थे। घटना के बाद मौके पर जुटे लोगों ने मलबा हटाकर पांचों को बाहर निकाला। इसमें से दो को अस्पताल भेजा। सूचना पर भोट पुलिस और बिलासपुर तहसीलदार निश्चय कुमार पहुंचे। तहसीलदार ने बताया सूचना अधिकारियों को भी दे दी गई है। मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि भूसाघर की दीवार कच्ची थी। संभावना है कि बारिश होने की वजह से और कमजोर हो गई होगी। इसके चलते यह हादसा हुआ है। संभल में फिरोजपुर पुल के नजदीक बाइक सवारों को टाटा मैजिक चालक ने टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव बारीपुर भमरौआ निवासी काशीराम (60) रामशाह की उपचार को जाते समय मौत हो गई। उनका



रिश्तेदार मुरादाबाद के हरथला निवासी बबलू की हालत गंभीर हालत है। यह हादसा उस समय हुआ जब काशीराम अपने रिश्तेदार के साथ बाइक पर सवार होकर संभल एक कोल्ड स्टोरेज जा रहे थे। जैसे ही फिरोजपुर पुल के नजदीक पहुंचे तो टाटा मैजिक चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। बेटे सोनू ने बताया कि उनके पिता खेती किसानी करते थे।

## एनडीए और आइएनडीआइए गठबंधन से रहे सतर्क, सीएम योगी पर साधा निशाना : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बसपा कार्यकताओं को सत्ताधारी दल एनडीए और विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए दोनों से सतर्क रहने की नसीहत दी है। रविवार को लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कार्यकताओं से संवाद के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि दोनों गठबंधनों से दूरी बनाए रखकर अपनी ताकत को मजबूत करें। बसपा प्रमुख ने फेक न्यूज से भी पार्टी कार्यकताओं को सचेत किया है। उन्होंने कहा कि बसपा के विरोधी तत्व राजनीतिक साजिश के तहत इस तरह का दुष्प्रचार कर रहे हैं, इसलिए हर स्तर पर सावधानी बरतना जरूरी है। मायावती ने कहा कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, आय में कमी, बदहाल सड़क, पानी, शिक्ष स्वास्थ्य, आवास, अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था लोगों के दिल-दिमाग पर हावी जरूर हैं लेकिन यह चुनाव में कितना गंभीर मुद्दा बन पाएगा यह अभी कहना मुश्किल है। क्योंकि भाजपा और



उनकी सरकार द्वारा इस पर नई चुनावी रणनीति अपनाया जाना जारी है। कहा, जनहित और जनकल्याण के मामले में भाजपा और कांग्रेस का रवैया लगभग एक जैसा और जनविरोधी देखने को मिला है। मायावती ने कहा कि बहुसंख्यक एससी, एसटी और ओबीसी समाज के लोगों को मुक्ति एवं उनकी समानता के लिए आरक्षण की व्यवस्था संविधान में की गई है। किंतु इसको भी निष्क्रिय व निष्प्रभावी बनाने का प्रयास हर स्तर पर लगातार जारी है। जिसके विरुद्ध संघर्ष जारी रखना जरूरी है। कहा, जब तक समाज व सरकार में गैर बराबरी वाली नीयत व नीति जारी रहेगी तब तक आरक्षण का सही लाभ, सही लोगों को नहीं मिल पाएगा। यह केवल कागजी सुविधा बनकर रह जाएगा। मायावती ने योगी सरकार को भी निशाने पर लिया। कहा, जिस प्रकार एक व्यक्ति दोष सिद्ध होने से पहले ही अंधाधुंध बुलडोजर चलाकर उसके पूरे परिवार को दंडित किया जा रहा है। किसी व्यक्ति की सजा घोषित होने से पहले ही उनके शिक्षण संस्थाओं और अब अस्पतालों तक को बंद किया जा रहा है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ रही है। सरकार की ऐसी कार्रवाई से जनता की नजर में द्वेषपूर्ण व पूरी तरह से गैरजरुरी है।

## सितंबर में जीएसटी संग्रह 10 फीसदी बढ़ा, चालू वित्त वर्ष में चौथी बार 1.62 लाख करोड़ के पार




नई दिल्ली। देश में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सितंबर में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़ा। यह 1.62 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहा। चालू वित्त वर्ष में यह चौथा महीना है, जब कर संग्रह 1.6 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। पिछले महीने सकल जीएसटी राजस्व 1,62,712 करोड़ रुपये रहा था। इसमें केंद्रीय जीएसटी 29,818 करोड़, राज्य जीएसटी 37,657 करोड़, एकीकृत जीएसटी 83,623 करोड़ (माल के आयात पर जमा 41,145 करोड़ रुपये सहित) और उपकर 11,613 करोड़ (माल के आयात पर जमा 881 करोड़ रुपये सहित) था। वित्त मंत्रालय ने बयान के मुताबिक, सितंबर 2023 में जीएसटी संग्रह पिछले साल के इसी महीने के 1.47 लाख करोड़ रुपये से 10 प्रतिशत अधिक रहा। घरेलू लेनदेन (सेवाओं के आयात सहित) से राजस्व सालाना आधार पर 14 फीसदी अधिक रहा। वित्त वर्ष 2023-24 में यह चौथी बार है कि सकल जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है।

## बांके बिहारी दर्शन के लिए उमड़ी भीड़, वृंदावन हुआ जाम; लगी तीन किलोमीटर लंबी कतार


मथुरा। मथुरा के वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर में रविवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। विद्यापीठ चौराहा से लेकर बांके बिहारी मंदिर को जाने वाली सभी गलियां खचाखच श्रद्धालुओं से भर गईं। मंदिर के प्रवेश द्वारों पर श्रद्धालुओं के बीच आपाधापी मची रही। भीड़ के दबाव में महिलाएं और बच्चे बुरी तरह फंसे नजर आए। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों को हालत पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं यहां आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों ने वृंदावन जाम कर दिया। बांके बिहारी मंदिर के बाहर चबूतरे की रेलिंग को लांघकर महिलाएं मंदिर की ओर बढ़ने का प्रयास करते हुआ नजर आईं। बिहारी मंदिर के अंदर निजी सुरक्षा सुरक्षा गार्ड भी भीड़ को नियंत्रित करने में पसीना-पसीना हो गए। विद्यापीठ चौराहा, दाऊजी, जुगाल घाट, दाऊजी तिराहा की ओर से मंदिर को जाने वाले भीड़ के सैलाब को नियंत्रित करने में पुलिस के भी हाथ पांव फूल गए। वृंदावन में रविवार को सुबह से मंदिरों के पट बंद होने तक जबरदस्त जाम लगा दिखाई दिया। शहर के प्रवेश मार्गों पर वाहनों को लंबी कतार लग गई। श्रद्धालु घंटों जाम में फंसे। वहीं स्थानीय लोगों का घरों से निकलना दुश्वार हो गया। शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई। बिहारी की प्राकट्य स्थली निधवन में भी श्रद्धालुओं का जमावड़ा लग गया। बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं के आगे पुलिस प्रशासन की व्यवस्था बौनी नजर आई। क्षेत्रीय



विधायक भी शहर में लगे जाम में फंस गए। उन्होंने इस संबंध में मंडलायुक्त ऋतु महेश्वरी और डीएम से बदहाल यातायात व्यवस्था में सुधार लाने को कहा। विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि वृंदावन की यातायात व्यवस्था और सफाई व्यवस्था में सुधार के योजना बनाई जाएगी। 45 दिन में व्यवस्था में सुधार लाया जाएगा। मंडल आयुक्त रितु माहेश्वरी ने भी वृंदावन में लगने वाले जाम और यातायात व्यवस्था के लिए श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि इस पर जल्द ही विचार कर व्यवस्था में सुधार लाया जाएगा।

## पाकिस्तान के मियांवाली पेट्रोलिंग पोस्ट पर आतंकी हमला, एक पुलिसकर्मी समेत दो आतंकवादी की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आतंकवादियों के एक समूह ने मियांवाली में पंजाब हाईवे पेट्रोलिंग पोस्ट पर हमला किया। इसमें एक पुलिसकर्मी और दो आतंकवादी मारे गए। एक न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि हमला सुबह के दौरान हुआ और लगभग 10 से ज्यादा आतंकियों ने ईसा खेल कुंडल पोस्ट पर गश्त करते हुए हमला किया। पीएचपी हेड कांस्टेबल की पहचान हारून खान के रूप में की गई है। इस दौरान संदिग्धों और पीएचपी अधिकारियों के बीच जमकर गोलीबारी हुई। दरअसल, पीएचपी अधिकारी ने संदिग्धों को इमारत में प्रवेश करने से रोका था। पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक उस्मान अनवर के मुताबिक, हमले की खुफिया रिपोर्ट आने के बाद पुलिस अलर्ट पर थी। उन्होंने आगे कहा कि दो आतंकवादियों को मार गिराया गया और उनकी पहचान अभी भी जारी है। इससे पहले शुक्रवार (29 सितंबर) को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के हंगू इलाके में दोआबा पुलिस स्टेशन पर दो विस्फोट हुए थे। इस हमले में एक पुलिस अधिकारी सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, 12 लोग घायल हुए थे। उसी दिन, बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले



में एक आत्मघाती विस्फोट में एक पुलिसकर्मी सहित 59 से अधिक लोगों की मौत हो गई। एक आत्मघाती हमलावर ने शुक्रवार को मस्तुंग जिले में एक मस्जिद के पास ईद मिलादुन नबी से संबंधित जुलूस की तैयारी कर रहे लोगों को निशाना बनाया था। बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने मस्तुंग आत्मघाती विस्फोट के संबंध में पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की है।

## संपादकीय

# उज्जैन मामले के सबक

देश को स्तब्ध कर देने वाले उज्जैन रेप केस में हालांकि आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन यह मामला लंबे समय तक हमारे समाज के अंतःकरण को धिक्कारता रहेगा। यह सही है कि घटना का विडियो वायरल होने के बाद उज्जैन पुलिस ही नहीं, राज्य सरकार ने भी तेजी दिखाई। चूंकि विक्टिम नाबालिग बच्ची कुछ बताने की स्थिति में नहीं थी, इसलिए पुलिस का काम थोड़ा मुश्किल लग रहा था, लेकिन अलग-अलग इलाकों के CCTV फुटेज और उसकी टाइमिंग के आधार पर पुलिस ने न केवल बच्ची को लिफ्ट देने वाले ऑटोचालक को ढूंढ लिया बल्कि आरोपी तक भी पहुंच गई। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और पुलिस को वारदात की जगह पर भी ले गया, जहां बच्ची के कपड़े बरामद हुए। यानी माना जा सकता है कि यह केस प्राथमिक तौर पर सुलझ गया है। वैसे संबंधित आरोपियों से तफसील से पूछताछ और जांच-पड़ताल के जरिए बाकी सबूत जुटाने का काम जारी है। इसलिए अगर साजिश का कोई और भी पहलू हुआ तो उम्मीद की जानी चाहिए कि पुलिस उसकी तहों तक पहुंच जाएगी। मगर इस पूरे मामले का सबसे दुखद और शर्मनाक पक्ष है हमारे शहरी समाज की बढ़ती संवेदनहीनता। यह बात सही है कि एक अनजान बच्ची को बेहोश पाकर आश्रम के एक पुजारी ने अपना पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम स्थगित करते हुए उसकी मदद की और उसे अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था कर उसका इलाज सुनिश्चित करवाया, लेकिन इस तथ्य का क्या किया जाए कि बेहोश होने से पहले खून से लथपथ वह बच्ची अर्धनग्न अवस्था में मदद की गुहार लगाती घर-घर घूमती और जगह-जगह से दुत्कारी जाती रही। यहां बात सिर्फ उज्जैन की नहीं है। हमारे शहरी समाज का यह एक चिर-परिचित सा चेहरा बनता जा रहा है। आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिसमें दिन-दहाड़े और भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं, बुजुर्गों के साथ अपराध होता है और कोई मदद के लिए सामने नहीं आता। इसके पीछे यह तर्क दिया जाता है कि लोग अगर आगे नहीं आते तो इसका कारण है उन समाजविरोधी तत्वों के हमले का शिकार होने का डर। मगर उज्जैन की घटना ने साबित किया कि यह स्पष्टीकरण पूरी तरह सच नहीं है। सड़क हादसों के मामलों में भी कहा जाता था कि पुलिस-अदालत के चक्करों का डर लोगों की मदद करने की भावना पर भारी पड़ता है। लेकिन कानून में जरूरी सुधार और अस्पताल पहुंचाने वालों के लिए संरक्षण की व्यवस्था किए जाने के बाद भी इस मोर्चे पर कोई प्रगति देखने में नहीं आई है। जाहिर है, मामला सिर्फ डर का नहीं। हमारे शहरों और महानगरों का जीवन ही कुछ ऐसा होता जा रहा है, जिसमें दूसरों के लिए सोचने, उनकी परवाह करने की प्रवृत्ति और गुंजाइश लगातार कम होती दिख रही है। इस स्थिति को बदलने की पहल समाज की ही ओर से हो सकती है। उसमें और देर करना उचित नहीं होगा।

## बदला बदला रुप है!



बदल गए अचानक ।
ज्ञान रहे हैं बांट ।।
बदला बदला रुप है ।
बंद हो गई ठाट ?
लगते कभी कूदने ।
और कभी खामोश ।।
है किसकी रणनीति ?
कहें किसका दोष ।।
ये कैसा व्यवहार ।
करने को उद्धार ।।
लगता चल कर इसी राह ।
है आनी बहार ?
किया कभी अपमान ।
कभी करते प्यार ।।
कर सकते प्रवेश ।
शायद नए द्वार ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# समकालीन परिदृश्य में गाँधी और शांति



महात्मा गांधी के अनुसार "शांति का कोई रास्ता नहीं है, केवल शांति है।" किन्तु आज के समय में जहाँ दिन-प्रतिदिन द्वेष, हिंसा, अत्याचार, भ्रष्टाचार और आतंकवाद से पूरा विश्व पीड़ित है, तब इन परिस्तिथायों का अगर अवलोकन किया जाए तो महात्मा गांधी के विचार और नीतियां की बहुत आवश्यकता है। गांधीजी ने उस काल में ही शांति, अहिंसा, परस्पर आदर और प्रेम पर अपने धारणा दी और लोगों को उस तरह आचरण करने की अपेक्षा की। इस समकालीन परिदृश्य में भी गांधी जी के शांति के सिद्धांत हमारे जीवन को प्रभावित कर सकते हैं और शांतिपूर्ण वातावरण की सरंचना का निर्माण करने के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं। गांधी जी के शांति के मूल सिद्धांत को समझने के लिए ये आत्मसात करना होगा की महात्मा गांधी शांति और अहिंसा के प्रति गहरी आस्था रखते थे और इन विचारों के लिए अनवरत समर्पित थे। उनका ये मानना था कि अहिंसा दुर्बलता का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण शक्ति है जो सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन को प्राप्त करने के निहित अपेक्षित है। गांधी जी की अहिंसावाद की अनूठी बात यह भी थी कि वे इसे एक सत्याग्रह के रूप में देखते थे, जिसका अर्थ होता है 'सत्य की शक्ति'। आज की दुनिया के संघर्ष और समस्याएँ को गांधी जी के शांति के मूल सिद्धांतों को समझकर ही हल किया जा सकता है। गांधी जी ने कहा, "अगर हमारे पास कोई सहृदयता नहीं है और कोई सहिष्णुता नहीं है, तो हम कभी भी अपने मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से नहीं सुलझा पाएंगे और इसलिए हमें हमेशा किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के लिए निर्भर होना होगा"।

इस सदर्भ में गाँधी जी का यह भी विचार था कि एक-आयामी और एकतरफा बातचीत या प्रयासों से कभी भी शांति प्राप्त नहीं की जा सकती। इसमें सामाजिक, जातीय, धार्मिक और राजनीतिक तत्वों के कई पहलू हैं और बिगड़ी स्थितियों को नियंत्रण में लाने और स्थिर करने के लिए शांतिवार्ता से उत्तम कुछ नहीं होता है। उनका मानना यह था कि किसी संघर्ष के वास्तविक चरित्र की पहचान करनी चाहिए और संभवतः उनमें से किसी छिपे हुए तत्व का संसोधन करना चाहिए। शांति स्थापित करने और संघर्ष को हल करने की धारणा में गांधीजी की इतनी रुचि थी कि उन्होंने शत्रुतापूर्ण स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए विविध मार्गों से कदम उठाने पर जोर दिया, चाहे वह पूर्वी बंगाल में दंगा हो या भारत के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में अशांति। शांति और शुद्ध सरल जीवन को उन्होंने पूरी सहजता के साथ आत्मसात कर लिया था और दैनिक रूप से इसे नियमित अभ्यास भी करते थे, भले ही वह देश के किसी भी कोने में रहते हों। वे हमें सिखाते हैं कि विवादों को वाणी और समझौते के माध्यम से हल किया जा सकता है, जिससे शांति सार्वभौमिक और शाश्वत हो जाती है। आज की दुनिया में भी क्षेत्रीय विवादों से लेकर अंतरराष्ट्रीय तनावों में बल प्रदर्शन और युद्ध की आवश्यकता से ज्यादा शांतिवार्ता और संधि पर ही हमेशा केंद्रित



रहती है। समाज को गांधी जी की तरह समाधान और निराकरण करने की महत्वपूर्ण शक्ति को स्वीकार करने की जरूरत है न की अपना बाहुबल और दबदबा दिखाने की । इस विश्व को अगर आधुनिकता और तकनिकी उन्नति के साथ समूल मानव जाती की रक्षा करनी है तो बहुत महत्वपूर्ण है की गांधीजी के आदर्शों पर चलकर समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ें ।

इसी प्रकार से गांधीजी न्याय और समानता के पक्षधर थे, जो जीवन में चयनात्मक उत्कृष्ट जीवन के अधिकार की विपरीत मानवता को प्राथमिकता देते हैं । आज की दुनिया में असमानता, जातिवाद और भेदभाव के मुद्दे विभिन्न रूपों में जगह-जगह दिखाई देते हैं । गांधीजी का दृष्टिकोण सदैव ही सभी को सहयोग करना और बिना किसी समझौते के संघर्ष करने के लिए प्रोत्साहित करने का रहा था। उनके ये विचार व्यावसायिकता के साथ-साथ सामाजिक न्याय आंदोलनों का एक महत्वपूर्ण घटक रहा है। उनकी विचारधारा यह बताती है कि शांति केवल एक विचार नहीं, बल्कि यह बिना हिंसा के समस्याओं का हल पाने के लिए एक सक्षम और कार्यकारी उपाय है, जिसे समर्थन, साहस और गहरी मानवता की भावना क्रियांविक्त करने की आवश्यकता है। हम जब भी अपनी आधुनिक दुनिया के संघर्षों से जूझते हैं तो गांधी जी के सिद्धांतों से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा शांतिपूर्ण और मेलमिलापपूर्ण वैश्विक समुदाय की ओर अग्रसर होना चाहिए।

महात्मा गांधी के विचार और शांति के दिग्दर्शन आज की दुनिया में भी न केवल भारत अपितु पश्चिमी देशों में भी निरंतर अग्रसर है। उनके विचारों से ही हमें आज के दिन की चुनौतियों का सामना करना, संघर्ष समाधान और पर्यावरण संरक्षण से लेकर सामाजिक न्याय और समानता का अनुरक्षण करने की प्रेरणा मिलती है । गांधी जी का अहिंसावाद के साररूप में शांति सिर्फ एक आदर्श नहीं है, बल्कि एक व्यावहारिक और पारंपरिक दृष्टिकोण है, जिसके लिए समर्पण, साहस और गहरी मानवता की आवश्यकता होती है। महान दार्शनिक जोहान गाल्टुंग, जिनको कि शांति अध्ययन का जनक कहा जाता है, वे भी गाँधी जी के विचाओं से अत्यंत प्रभावित थे तथा उनका भी यही मानना था आज के समकालीन पारिदृश्य में गाँधी जी के सत्य, अहिंसा एवं शांति के विचारों को आत्म्सात करके ही संपोष्य शांति को स्थापित किया जा सकता है।

**डॉ. पुनीता पाठक**
**असिस्टेंट प्रोफेसर**
**राजनीति विज्ञान विभाग**
**बसंत महिला महाविद्यालय**
**के एफ आई, राजघाट**
**बीएचयू , वाराणसी**

## आत्मबल....!

तुमने ढूँढ़ा था मुझको...या...
मैंने ढूँढ़ा था तुमको....
याद नहीं आता है मुझको...
पर...इतना तो है याद मुझे...!
मन से मन का संवाद हुआ था,
नैनों से नैनों का प्रेमालाप हुआ था
हुई रोम-रोम में हलचल थी....
सांसें तप्त हुई उस पल थीं....
** ** ** **
जहाँ बसे थे तुम प्यारे...!
हर ओर दीखता दल-दल था....
मेरे-तेरे मन की बातें,
तुरत जानने को...!
हर कोई आतुर पल-पल था....
इसी दौर में... जिद पर मेरी...!
तेरा परदेश गमन...एक पीड़ा थी..
अनचाही सी मजबूरी थी..पर...
थम गया शोर था बाजारों का...
जो हँसता हम पर हर-पल था
यह अलग बात रही कि...!
रोता रहता था मेरा निर्मल मन...
जो हर ओर से निश्छल था...
** ** ** **
चंचल मन तो...रोज मिलन को...
हर-पल आतुर-विह्वल था...
आँसू रोक रखी थी मैंने...लेकिन..
चमक रहा आँखों का काजल था
तेरी सफलता ही तो....
हर प्रश्नों और... विवादों का...
एकमात्र हल था......
कब सफल होकर तुम...?
वापस आओगे साजन-प्रियतम...
इंतजार मुझे यह हर पल था...
** ** ** **
कान्तिहीन हो रही थी,
मेरी काया कोमल...
धीरे-धीरे टूट रहा था,
मेरा खुद का अपना बल...पर...
अन्दर एक और मन रहा....!
जो कभी न हुआ कहीं भी दुर्बल..
कठिन परीक्षा खुद मेरी थी,
ताने थे पग-पग पर...
काँप ही जाती थी अक्सर मैं तो...
लेकिन प्रियवर...ढाँढ़स में संग मेरे
तेरे आसरे का बल था...
** ** ** **
साथ हुई मेरी भी पूरी साजन,
क्योंकि ना तुममें...ना ही मुझमें...
कोई कल-बल-छल था....
लौट रहे हो जो अब तुम....!
शिखर सफलता का जब चूम,
वही सामने आए हैं...स्वागत में...
जो कभी विरोध का दल-बल था..
** ** ** **
इंतजार के दिन हुए खत्म सब,
हम दोनों हैं आज सफल....
मिलन हमारा एक दैव योग था,
पर....तुम मानो या ना मानो....!
जीवन सफल हो जाना...
सचमुच प्रियतम यह तो....
तेरा खुद का आत्मबल था...!
तेरा खुद का आत्मबल था...!



**रचनाकार....**
**जितेन्द्र कुमार दुबे**
**अपर पुलिस अधीक्षक**
**जनपद... कासगंज**

## स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महावीर मंदिर पर एक घंटे श्रमदान कर लोगों को किया गया जागरुक



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। स्वच्छता पखवाड़ा के एक अक्टूबर 2023 रविवार को प्रातः 9:00 बजे से 10:00 के बीच एक घंटे का श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया` वार्ड नंबर 30 के भाजपा के लोकप्रिय पार्षद अशोक मौर्य के निर्देशन में पार्टी के कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर श्रमदान के कार्यक्रम में भाग लिया साथ ही पार्टी के कार्यकताओं ने महावीर मंदिर के आसपास लगे कूड़े के अंबर को झाड़ू लगाकर साफ-सफाई भी की साथ ही आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया जिसमें महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से चार बार से भाजपा के लोकप्रिय पार्षद अशोक मौर्य, भाजपा नेता संजय पांडेय, मंडल अध्यक्ष रतन मौर्य, मनोज सोनकर (एमडी ), अरविंद सिंह, आरती सेठ, अनूप घोषाल लल्लन त्रिपाठी, अजय यादव, अन्नू श्रीवास्तव ऋषिदेव उपाध्याय, कर्मकांड विशेषज्ञ राज बाबा, अश्वनी पांडेय, यश पांडेय, अनमोल पांडेय, राहुल पांडेय, काजल पांडेय, अंशु पांडेय, मोहित पांडेय, रोहित पांडेय, उदय विकास, अविनाश, मोनू यादव, प्रियांशु रावत, अंकित, बृजेश मिश्रा, पंकज पांडेय, धर्मेंद्र सिंह गुड्डू, राजेश सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में लोगों ने बढ़- चढ़कर स्वच्छता के महापर्व में सम्मिलित होकर श्रमदान किया।

## महात्मा गाँधी जी का आर्थिक विचार

"पृथ्वी के पास किसी की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, लेकिन किसी के लालच के लिए नहीं।" यह वाक्य गाँधी जी ने अपनी पुस्तक सर्वोदय में देते हुए आर्थिक के मूल अर्थ को समझाया। सर्वोदय को गाँधी जी ने रस्किन बांड की पुस्तक अन टू दी लास्ट से प्रभावित होकर लिखी। सत्य और अहिंसा गांधीवादी अर्थशास्त्र विचारों की आधारशिला हैं। गांधीजी के अनुसार काम केवल एक आर्थिक गतिविधि नहीं है। आध्यात्मिक विकास के लिए यह आवश्यक है।

वे चाहते थे कि भारत की अपनी आर्थिक नीति हो, जो समानता पर आधारित हो ताकि एक समतावादी समाज की स्थापना हो सके। गांधीजी के आर्थिक विचार अहिंसात्मक मानवीय समाज की अवधारणा से ओत-प्रोत हैं। उनके आर्थिक विचार आध्यात्मिक विकास को प्रोत्साहित करने वाले है एवं भौतिकवाद के विरोधी हैं।

गांधी जी अर्थशास्त्रियों के इस विचार से पूर्णतया असमर्थ थे कि ज्यों ज्यों प्रतिस्पर्धा बढ़ती है त्यों त्यों राष्ट्र समृद्ध होता है । वास्तव में ये विचार भ्रांत है। प्रतिस्पर्धा का उद्देश्य मजदूरी की दर घटना है। इस बात को व्याखित करे तो स्पष्ट होता है कि धनवान अधिक धन इकट्ठा करता और गरीब अधिक गरीब हो जाता है। ऐसी प्रतिस्पर्धा से अंत मे राष्ट्र का नाश होने की संभावना रहती है। नियम तो यह होना चाहिए कि हरेक आदमी को उसकी योग्यता के अनुसार मजदूरी मिला करे। गांधी जी कहते है कि इसमें भी प्रतिस्पर्धा होगी , पर इस प्रतिस्पर्धा के फलस्वरूप लोग सुखी व चतुर होंगे; क्योकि फिर काम पाने के लिए अपनी डर घटाने की जरूरत नही होगी, बल्कि अपनी कार्यकुशलता बढ़ानी होगी।

गाँधी जी धन को मात्र एक साधन मानते है और आवश्यकता साध्य है। धन जैसे साधन से मनुष्य को सुख दुख दोनो हो सकते है। यदि धन रूपी साधन अच्छे व्यक्ति के हाथो में पड़ता है तो उसकी बदौलत खेती होती है और अन्न पैदा होता है। किसान निर्दोष मजदूरी करके संतोष पाते है और राष्ट्र सुखी होता है। गलत मनुष्य के हाथ में धन पड़ने से उससे (मान लीजिए की )गोला बारूद बनते है, और लोगो का सर्वनाश होता है। गोला बारूद बनाने वाला राष्ट्र और जिसपर इनका प्रयोग करता है वे दोनों हानि उठाते और दुख पाते है। गांधी जी ने समाज मे व्याप्त आर्थिक विषमता को मिटाना चाहते थे। व्यक्तिगत संपत्ति का अंत चाहते थे । जिसके लिए उन्होंने संरक्षता मतलब ट्रस्टीशिप का सिद्धांत प्रस्तुत किया। उनका मानना था कि की यदि किसी व्यक्ति को उत्तराधिकार में भारी सम्पत्ति मिलती है अथवा किसी ने व्यापार उद्योग के लाभ से भरी मात्रा में धन संचय किया तो वह सम्पूर्ण संपत्ति वास्तव में उस व्यक्ति की न होकर सम्पूर्ण समाज की है। जिस व्यक्ति ने संपत्ति का संचय किया है वह स्वयं को सम्पत्ति का स्वामी न समझकर ट्रस्टी समझे। तथा सम्मानपूर्ण जीवन व्यतीत करने के लिए आवश्यक सम्पत्ति पर व्यक्ति अपना अधिकार समझे और धन का शेष भाग सम्पूर्ण राष्ट्र का मानते हुए सभी के कल्याण पर खर्च करने को हृदय से तत्पर रहे। इस प्रकार हम देखते है कि गांधी जी के विचार आज के आधुनिक अर्थशास्त्री से बिल्कुल अलग होकर एक आध्यात्मिक व नैतिकता पर आधारित विचार है। जिसमे अस्तेय, सत्य और स्वराज्य ऐसे विषय है जो एक योग्यता आधारित आर्थिक विचार पर बल देते है।

**सूची पाठक**
**रिसर्च स्कॉलर**

# ओबीसी को लेकर मोदी सरकार को घेर रहे राहुल गांधी क्या इस मुद्दे पर कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड जानना चाहेंगे

**नीरज कुमार दुबे**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी बिना किसी तथ्य के मोदी सरकार पर तमाम मुद्दों को लेकर हमले बोलते हैं। इसी कड़ी में आजकल वह जाति जनगणना की मांग करते हुए मोदी सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि देश को चला रहे अधिकारियों में मात्र तीन केंद्रीय सचिव ही ओबीसी समुदाय से हैं। ऐसे में यह जानना बेहद जरूरी हो जाता है कि इस मामले में कांग्रेस का अपना खुद का ट्रैक रिकॉर्ड क्या है? इस समय देखें तो कांग्रेस चार राज्यों- छत्तीसगढ़, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में अपने बलबूते सरकार चला रही है। इन चारों ही राज्यों में मुख्य सचिव सामान्य श्रेणी से संबद्ध हैं। इसी प्रकार यदि हम कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों वाले विपक्षी गठबंधन इंडिया पर नजर दौड़ाएं तो पाएंगे कि वहां भी ओबीसी को ज्यादा प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। पंजाब, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और केरल के मुख्य सचिव भी अपर कास्ट से संबद्ध हैं जबकि तमिलनाडु एकमात्र ऐसा उदाहरण है जहां मुख्य सचिव शिव दास मीणा एसटी श्रेणी से संबद्ध हैं। यही नहीं, सरकारी रिकॉर्ड यह भी दशार्ते हैं कि 1985 से 1989 तक जब राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री थे, तब केंद्र में सचिव पद पर कोई भी अधिकारी आरक्षित वर्ग यानि



एससी/एसटी श्रेणी से नहीं था। अगर हम 2023 के हालात को देखें तो केंद्र में सात सचिव एससी श्रेणी और पांच एसटी श्रेणी से हैं। इसी प्रकार यदि हम 2014 के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो उस समय केंद्र में अतिरिक्त सचिव और संयुक्त-सचिव पद पर ओबीसी समुदाय से संबंधित सिर्फ दो ही अधिकारी थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में इन पदों पर ओबीसी अधिकारियों की संख्या 2 से बढ़कर 63 हो चुकी है। हम आपको यह भी बता दें कि आंकड़े यह भी दशार्ते हैं कि इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में केंद्र सरकार में प्रधान सचिव और सचिव पद पर काम करने वाले सभी अधिकारी सामान्य श्रेणी से ही थे। यहां एक बात और समझने की जरूरत है कि जहां तक केंद्र सरकार के पदों में ओबीसी को आरक्षण की बात है तो यह 1993 में पेश किया गया था और इसके तहत पहली नियुक्ति पाने वाले अधिकारीगण 1995 बैच के थे जोकि अब तक सचिव रैंक तक नहीं पहुँचे हैं। देखा जाये तो किसी भी आईएएस अधिकारी को अपना कॅरियर शुरू करने से लेकर केंद्र में सचिव पद तक पहुँचने तक लगभग ढाई से तीन दशक तक का समय लग जाता है। इसलिए राहुल गांधी ने जब यह कहा कि केंद्र में ओबीसी को पर्याप्त संख्या में प्रतिनिधित्व नहीं मिला है तो एक बार फिर साबित हो गया कि वह बिना जाने समझे कुछ भी कह देते हैं। यही नहीं राहुल गांधी ने महिला आरक्षण विधेयक में भी ओबीसी के लिए आरक्षण की वकालत की जबकि मनमोहन सरकार जब यह विधेयक लायी थी तब कांग्रेस ने भी उसमें ओबीसी आरक्षण का प्रावधान नहीं किया था। यही नहीं, राहुल गांधी आज जिस जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं उसके बारे में उन्हें यह जवाब भी देना चाहिए कि साल 2011 में जब उनकी पार्टी की सरकार ने देश में जनगणना कराई थी तो उसने जातिगत आंकड़ों को क्यों नहीं जारी किया था? बहरहाल, विपक्ष का काम सरकार पर सवाल उठाना है इसमें कोई दो राय नहीं। लेकिन सवाल का आधार पुख्ता होना चाहिए। साथ ही सवाल उठाने से पहले अपने गिरेबां में भी झांक कर देखना चाहिए। आज राहुल गांधी जो भी सवाल उठाते हैं उनसे पूर्व की कांग्रेस सरकारों पर भी सवाल उठ जाते हैं। राहुल गांधी को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद ओबीसी से संबद्ध हैं और गृह मंत्री अमित शाह लोकसभा में राहुल गांधी को जवाब दे ही चुके हैं कि देश को सचिव नहीं बल्कि सरकार चलाती है और मोदी सरकार के सांसदों में ओबीसी की संख्या कांग्रेस के कुल सांसदों से ज्यादा है। अमित शाह ने बताया था कि मोदी सरकार में 29 फीसदी यानि 85 सांसद ओबीसी से हैं और 29 केंद्रीय मंत्री भी ओबीसी से ही संबद्ध हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस, स्वच्छता कार्यक्रम और महात्मा गांधी जयंती का आयोजन किया

प्रखर जलालपुर (जौनपुर)। रविवार को बयालसी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज जलालपुर, जौनपुर में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और रोवर्स-रेंजर्स इकाई द्वारा संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस, स्वच्छता कार्यक्रम और महात्मा गांधी जयंती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाना और अहिंसा और स्वच्छता के मूल्यों को बढ़ावा देना है। इसमें बयालसी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के साथ-साथ एनसीसी, एनएसएस और रोवर्स-रेंजर्स इकाई के सदस्यों को एक साथ लाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि और दीप प्रज्वलन एवं महाविद्यालय संस्थापक के प्रतिमा पर माल्यापर्ण के साथ हुई। इस कार्यक्रम में कॉलेज के एनसीसी अधिकारी डॉ. अखिलेश चंद्र सेठ, एनएसएस अधिकारी डॉ. जगत नारायण सिंह व सोमारूराम और पूर्वांचल विश्वविद्यालय रोवर्स-रेंजर्स इकाई के



जिला संयुक्त सचिव अनिल कुमार सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। डॉ. जगत नारायण सिंह ने 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत स्वच्छता हेतु सभी को शपथ दिलायी। इस कार्यक्रम में छात्र समुदाय की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। अहिंसा और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। इन गतिविधियों में कॉलेज परिसर और उसके आसपास सफाई अभियान शामिल था, जहां छात्रों ने कक्षाओं, गलियारों और कॉलेज के मैदानों सहित सार्वजनिक क्षेत्रों को सक्रिय रूप से साफ किया।

इसके अलावा, डॉ. अखिलेश चंद्र सेठ, डॉ. जगत नारायण सिंह, सोमरूराम, अनिल कुमार और जितेन्द्र प्रजापति ने छात्रों को महात्मा गांधी के सिद्धांतों और दर्शन, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, स्वच्छ भारत मिशन के बारे में शिक्षित करने के लिए सूचनात्मक सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। सत्रों में आज की दुनिया में सत्य, अहिंसा और सांप्रदायिक सद्भाव जैसे गांधीवादी मूल्यों के महत्व पर जोर दिया गया। जिसमें महात्मा गांधी के जीवन और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

आयोजन की सफलता में एनसीसी, एनएसएस और रोवर्स-रेंजर्स इकाई के संयुक्त प्रयास महत्वपूर्ण रहे। उनके सहयोग ने एक सुव्यवस्थित और प्रभावशाली कार्यक्रम सुनिश्चित किया, जिसने लगभग 200 प्रतिभागियों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा। इस कार्यक्रम में विनय प्रताप सिंह, विनय शर्मा, युधिष्ठिर कुमार और बफाती अली ने व्यवथापन में सहयोग दिया। आयोजन समिति ने कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले सभी प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कॉलेज प्रशासन और संकाय सदस्यों को उनके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। बयालसी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस, स्वच्छता कार्यक्रम और महात्मा गांधी जयंती कार्यक्रम ने महात्मा गांधी की कालातीत शिक्षाओं और एक बेहतर दुनिया के लिए उनके दृष्टिकोण की याद दिलाई। यह शांति और स्वच्छता को बढ़ावा देने में एकता और सामूहिक कार्रवाई की शक्ति का एक प्रमाण था।

## स्वच्छता का संकल्प ही बापू को सच्ची श्रद्धांजलि: कुलपति



प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मुक्तांगन परिसर में गांधी जी के छायाचित्र पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह द्वारा माल्यार्पण कर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत एक घंटे का श्रमदान अभियान की शुरूआत की गई । इस अवसर पर कुलपति द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। मुक्तांगन परिसर में कुलपति सहित प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र -छात्राओं द्वारा एक घंटे का श्रमदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो सिंह ने कहा कि स्वच्छता का संकल्प ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उन्होंने कहा कि साफ-सफाई एक अच्छी आदत है, स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिये हर व्यक्ति को यह आदत बनानी चाहिये। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मानसिकता का विकास होता है। हमें ये समझना चाहिये कि स्वच्छता अभियान केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। हम सब के स्वस्थ जीवन के लिये इस अभियान में हमें कंधे से कन्धा मिलकर भाग लेना चाहिये। हमें खुद को, घर, अपने आसपास, समाज, समुदाय, शहर, उद्यान और पर्यावरण आदि को रोज स्वच्छ रखने की जरुरत है। प्रधानमंत्री जी ने देश में स्वच्छता अभियान की जो मशाल जलाई है, उसे निरंतर आगे बढ़ाने के लिए सभी गांव, सभी शहरों तक स्वच्छता की अलख जगानी होगी। हमें स्वच्छता को रोज की दिनचर्या में शामिल करना चाहिए जिससे स्वच्छ और स्वस्थ भारत का निर्माण हो। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक रासेयो डॉ. राज बहादुर यादव, प्रो.रजनीश भास्कर, प्रो.आचार्य विक्रम देव, डॉ.सुशील कुमार, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. पूजा सक्सेना, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशिकांत यादव, परीक्षा नियंत्रक व्यास नारायण सिंह, उप कुलसचिव अमृत लाल, सहायक कुलसचिव अजीत प्रताप सिंह, डॉ. विनय कुमार, धीरज श्रीवास्तव, सर्वेश कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

## गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत की गई साफ-सफाई

प्रखर जखनियां गाजीपुर। तहसील क्षेत्र के विकास खंड जखनियां और मनिहारी में सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के एक दिन पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छता अभियान के तहत ब्लाक के समस्त प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारी गणों ने



साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। मनिहारी ब्लाक परिसर में संबंधित लोगों श्रमदान की शुरूआत की, एडीओ पंचायत कृपेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा हैं को आत्मसात कर ब्लाक के सभी कर्मचारियों ने कचरा मुक्त भारत के अंतर्गत आज ब्लाक परिसर में 9 से 11 बजे तक साफ सफाई का कार्य किया।तथा कई गांवों में जाकर अंबेडकर पार्क में बीआर अंबेडकर की प्रतिमा एवं चबुतरे की धुलाई, पोछाई कर पार्क मे पड़े कचरे को झाड़ू-पोछा लगाकर साफ किया गया। जिसमें सहायक विकास अधिकारी (पं0) सचिव संजय सक्सेना, परवेज अली, प्रमोद कुमार, मुकेश सिंह, मुलायम यादव, सुनील सिंह, मनीष भारद्वाज, प्रिया सिंह और शैलेन्द्र यादव मौजूद आदि रहे। इसी महति कड़ी में जखनियां विकास खंड के शहीद हमीद पार्क धामूपुर में जखनियां मंडल द्वितीय के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने हमीद पार्क की साफ-सफाई किया।इस मौके पर महिला जिला अध्यक्ष सरोज मिश्रा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रूद्रप्रताप सिंह राजेश सोनकर अशोक यादव रविन्द्र गोंड आदि शामिल रहे। जबकि इसी तरह गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम के तहत मियना (बड़ा) स्थित हनुमान मंदिर पर लोगों ने साफ सफाई किया।

# चार से आठ अक्टूबर तक वाराणसी में होगा श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्व की सबसे बड़ी अध्यात्म संस्था दिव्य ज्योति जागृति संस्थान जिसके संस्थापक व संचालक जो की एक दुर्लभ, युग प्रवर्तक दिव्य गुरु आशुतोष जी महाराज है` विश्व की अध्यात्म शहर भारत देश के काशी में होने जा रहे श्रीमद भागवत कथा जो की चार अक्टूबर से दस अक्टूबर तक रामनाथ चौधरी शोध संस्थान (लॉन) बी.एच.यू., सुंदरपुर रोड, नरिया, वाराणसी में महाराज की शिष्या विश्व विख्यात भगवताचार्य भागवत भास्कर साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती सुशोभित होंगी भारती जी अपनी ओजश्वि वाणी से देश के अनेक प्रांतों में भागवत पिपासुओ को धर्म , अध्यात्म, विज्ञान, भक्तिरस एवं मधुर संगीत से परिपूर्ण कथामृत पान कराती हुई काशी की धरा पे पहुंच रही है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के प्रदेश




महासचिव एवं आशुतोष जी महाराज के अनन्य भक्त संपूणानंद पाण्डेय ने कहा की आशुतोष महाराज है एक गुरु ही नही है बल्कि वो एक ऐसे महापुरुष है जो की अपने भक्तो को अपने त्रिनेत्र द्वारा साक्षात भगवान का दर्शन कराते है स्वामी अरुजनानंद ने कहा की हम सभी काशीवासी से सविनय निवेदन करते है की श्रीमद् भागवत कथा में पधारे और कथा का भक्तिमय आनद ले। स्वामी हरी प्रकाशनंद ने कहा की दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के मध्यम से जो आशुतोष जी महाराज के अनुयाई साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा को सुने और श्री कृष्ण लीला में भक्ति भीवोर हो जाए। अशोका इंस्टीट्यूट फामेर्सी के डायरेक्टर बृजेश कुमार ने कहा की वाराणसी में भव्य कथा का आयोजन हो रहा है और सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में आए और कृष्णलीला का आनंद ले जय श्री कृष्णा।

## रॉकलैंड न्यूरो एंड मदर चाइल्ड हेल्थ सेंटर की 9वीं वर्षगाठ पर मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु ने जन जागरूकता रैली को दिखाया हरी झंडी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सिगरा - महमूरगंज रोड पर मां राजेश्वरी नगर (बैंक कालोनी ) में स्थित रॉकलैंड न्यूरो एंड मदर चाइल्ड हेल्थ सेंटर की 9वीं वर्षगाठ पर एक अक्टूबर रविवार कों धूमधाम से मनाया गया और साथ ही हेल्थ अवेयरनेस को लेकर जन जागरूकता रैली वॉक फॉर प्रिवेंटिव हेल्थ केयर रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर के सामने से राज्यमंत्री आयुष (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश सरकार दयाशंकर मिश्र दयालु के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया इस अवसर पर डॉक्टर दयाशंकर मिश्र ने बताया की हर व्यक्ति के जीवन में स्वास्थ्य बहुत जरूरी हैं उससे भी ज्यादा जरूरी इस तरह के स्वास्थ्य जन जागरुकता व निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प होते रहना जरूरी है` इससे पूर्व मंत्री का सम्मान हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर स्वेता राय एवं डॉक्टर संदीप राय ने स्मृति चिन्ह और अंग




वस्त्रम देकर उन्हें सम्मानित किया वही रॉकलैंड के बाकी सदस्यों, रोटरी क्लब वाराणसी डाउन टाउन ,अनमोल सेवा समिति, ऑक्सीजन क्लब के सदस्यों ने भी मंत्री महोदय का सम्मान किया` निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ डायरेक्टर के माता-पिता शिव आश्रय राय व माता नगीना राय के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया` सुबह से ही जांच के लिए मरीजों की लंबी लाइन लगी रही जिसमे पूर्वांचल और बिहार आस-पास के लोगो ने इस कैम्प का हिस्सा बने जिसमे यह सारे जांच जैसे- शुगर, यूरिक एसिड,हड्डी, ईसीजी और सीटीजी, विटामिन डी, बायोथीसीमीटर की जांच प्रमुख रूप से किया गया` स्वास्थ्य कैम्प से लाभान्वित हुए लगभग 500 मरीज का जांच किया गया इस मौके पर प्रमुख रूप से सैकड़ो लोग उपस्थित रहे जो इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हिस्सा बने।

## आम आदमी पार्टी के जिला प्रभारी राजन सिंह व अविनाश सिंह का हुआ स्वागत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने पूर्वांचल प्रांत के अध्यक्ष व गाजीपुर जनपद के जिला प्रभारी राजन सिंह व गाजीपुर जनपद के जिला सह प्रभारी अविनाश सिंह जी का भव्य स्वागत किया गया । इस दौरान आम आदमी पार्टी के कई वक्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी। इस दौरान जिला प्रभारी वह जिला सह प्रभारी अविनाश सिंह ने कहा कि प्रदेश व केंद्र की सरकार को जनता अब बदलने के मूड में है क्योंकि उनकी करनी और कथनी में काफी अंतर है । आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेक राय व जिला महासचिव वाजिद खान ने कहा कि सरकार जनता के मूलभूत सुविधाओं से ध्यान भटकाना चाहती है क्योंकि सरकार ने 2019 के वादे को आज तक नहीं पूरा किया। किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव नागेंद्र यादव व जिला कार्यक्रम संयोजक जावेद अहमद ने कहा कि आज किसान दयनीय जीवन जी रहे हैं सरकार को स्वामीनाथन आयोग का रिपोर्ट लागू करना चाहिए।

## राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान स्वच्छांजली में आर एस वर्ल्ड खजुरी के छात्रों ने की सहभागिता


प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान स्वच्छांजलि का पूरे बनारस में आयोजन किया गया` यह कार्यक्रम महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर एक अक्टूबर रविवार कों उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु आयोजित किया गया है जिसमें अस्सी घाट पर श्रमदान का आयोजन किया गया इस आयोजन में आर एस वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने अपनी सहभागिता दिखाई और श्रमदान किया। छात्रों ने घाट पर सफाई की और कचरा साफ किया इस



अवसर पर इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री रविंद्र जायसवाल थे इसके अतिरिक्त इस अवसर पर महापौर अशोक तिवारी और भाजपा के जिलाध्यक्ष ने भी शिरकत की इस आयोजन में बनारस के कमिश्नर, पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे इस आयोजन में अन्य विद्यालय के छात्र भी उपस्थित थे। आर एस वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया और घाट को साफ करने में अपना सहयोग दिया इस अवसर पर मंत्री रविंद्र जायसवाल ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान का आयोजन 2014 में प्रधानमंत्री जी ने आरंभ किया था और आज देश भर में कई शहर ऐसे हैं जिन्होंने स्वच्छता के मामले में रिकॉर्ड स्थापित किए हैं इन्हीं में इंदौर शहर भी है जिसने स्वच्छता में नंबर वन का स्थान प्राप्त किया है उन्होंने कहा कि हमें इसकी शुरूआत अपने घर से करनी होगी। सर्वप्रथम हमें अपने घर को साफ करना होगा उसके बाद गली, तत्पश्चात मोहल्ला और फिर शहर को साफ करना होगा हम चाहते हैं कि अगले साल हमारा शहर भी टॉप टेन की रैंकिंग में शामिल हो और हमारा शहर भी स्वच्छ बने। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की और श्रमदान किया इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

# कवि अनिल अंकित के दो कविता संग्रहो का जिला पंचायत सभागार में हुआ विमोचन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। साहित्य चेतना समाज एवं हिन्दीश्री के संयुक्त तत्वावधान में चेतना-प्रवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत कवि अनिल अंकित के दो कविता-संग्रहों जीना इसी का नाम है व मैं कविता बोल रही हूँ का विमोचन जिला पंचायत सभागार, गाजीपुर में संपन्न हुआ। विमोचन-समारोह और कवि-गोष्ठी इन दो सत्रों में विभक्त इस समारोह के अध्यक्ष नगर के वरिष्ठ कवि एवं ख्यात मंच-संचालक हरिनारायण 'हरीश', मुख्य अतिथि डॉ.आनन्द कुमार सिंह, ख्यातिलब्ध साहित्यकार, विशिष्ट अतिथि श्री सुधीर प्रधान, मोटिवेशनल स्पीकर, मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.विनय कुमार दूबे, विभागाध्यक्ष-हिन्दी,पी.जी.कॉलेज, गाजीपुर व डॉ.सन्तोष कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष-हिन्दी,सुदृष्टि बाबा पी.जी.कॉलेज,बलिया,उपस्थित रहे । कार्यक्रम का सफल संचालन प्रसिद्ध नवगीतकार डॉ.अक्षय पाण्डेय ने किया। मंच की शास्त्रीय औपचारिकताओं के पश्चात



मंचासीन विद्वत्जन एवं कवियों को साहित्य चेतना समाज के संस्थापक अमरनाथ तिवारी 'अमर', अध्यक्ष डॉ.रविनंदन वर्मा, सचिव हीराराम गुप्ता, संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी व हिन्दीश्री प्रमुख आनन्द अमित ने अंगवस्त्रम् और स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के वरिष्ठ कवि कामेश्वर द्विवेदी की वाणी-वंदना से हुआ; तत्पश्चात अतिथि गण, विद्वत्जन एवं गणमान्य श्रोताओं की उपस्थिति में दोनों पुस्तकों का भव्य विमोचन हुआ। काव्य-संग्रहों पर परिचर्चा के क्रम में कवि अनिल अंकित की कविताओं पर वक्ताओं का केन्द्रीय विचार था कि कवि अनिल अंकित के दोनों काव्य-संग्रहों की कविताओं में अपने समय की जटिलताओं एवं विडंबनाओं को देखने की पैनी दृष्टि है। कवि ने अपनी सृजन धर्मिता को अपने देशकाल का साक्षी बनाया है और उसे सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए अपनी रचना प्रक्रिया को नितांत वैयक्तिकता की परिधि में भटकने नहीं दिया है । सहज बोल-चाल की भाषा में लिखी गई इन कविताओं में विषय-विस्तार के साथ ही वैचारिक गहराई भी विद्यमान है। कविताओं में शाब्दिक सुगठन, अर्थव्यंजकता में कहीं भी बाधक नहीं बन रहा है। वक्ताओं में मुख्य रूप से डॉ.आनन्द कुमार सिंह, डॉ.विनय कुमार दूबे, डॉ.सन्तोष कुमार सिंह, डॉ.श्रीकान्त पाण्डेय एवं सुधीर प्रधान ने अपने सारगर्भित विचार रखे।

दूसरे सत्र में कवियों ने अपने गीत कविताओं के द्वारा पूरे परिवेश को रसमय बना दिया। श्रोताओं की तालियों से रह-रह कर सभागार गुंजायमान होता रहा। कवियों में अनन्त देव पाण्डेय अनन्त, हरिनारायण हरीश, कामेश्वर द्विवेदी ,अमरनाथ तिवारी अमर, डॉ.अक्षय पाण्डेय, गोपाल गौरव, वृजमोहन प्रसाद अनाड़ी, आनन्द अमित, हरिशंकर पाण्डेय, शालिनी श्रीवास्तव, आशुतोष श्रीवास्तव आदि ने सरस काव्यपाठ किया। इस अवसर पर डॉ .अम्बिका पाण्डेय, डॉ.पारसनाथ सिंह, डॉ.बालेश्वर विक्रम, डॉ.समरेन्द्र नारायण मिश्र, डॉ. अमरनाथ राय, डॉ. जितेन्द्रनाथ राय, सुधारक राय, धर्मदेव यादव , सहजानंद राय, दिलीप आर्य, सिद्धार्थ शरण श्रीवास्तव, पीयूष ओझा, एस.पी.गिरि , आनन्द प्रकाश अग्रवाल,अक्षय दूबे,लव तिवारी,कुश तिवारी आदि उपस्थित रहे।अन्त में संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी 'अमर' ने समस्त सहभागी वक्ता-कवि गण एवं आगंतुक श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पूर्व कर्मचारी नेता रविन्द्र नाथ सिन्हा के निधन पर कायस्थ महासभा ने की शोकसभा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा गाजीपुर के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव के चंदन नगर स्थित आवास पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोकसभा मे करंडा ब्लाक अन्तर्गत बक्सा गांव के निवासी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश स्तरीय नेता रविन्द्र नाथ सिन्हा उर्फ तहसील सिन्हा के निधन? पर शोक व्यक्त किया गया। महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने उनके निधन पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि वह कायस्थ महासभा के कर्मठ और समर्पित सिपाही होने के साथ साथ प्रदेश के बड़े कर्मचारी नेता थे।? कायस्थ समाज को मजबूत बनाने के साथ साथ वह कर्मचारियों के हित की लड़ाई आजीवन लड़ते रहे।कर्मचारी आंदोलनों में उनकी महती भूमिका रहती थी। उनके निधन से कायस्थ समाज ही नहीं बल्कि कर्मचारियों ने अपना एक सिपाही खो दिया है। उनके निधन से रिक्त हुए स्थान की भरपाई निकट भविष्य में मुश्किल है। उनके निधन से पूरा का पूरा कायस्थ समाज और कर्मचारी अत्यन्त मर्माहत है। इस शोकसभा मे मुख्य रूप से महासभा के प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं जिला पेंशनर्स कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, शैल श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहन लाल श्रीवास्तव, पियूष श्रीवास्तव, कमल प्रकाश श्रीवास्तव, अमर सिंह राठौर, अमरनाथ श्रीवास्तव, राजेश कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव , अनूप कुमार श्रीवास्तव, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, सुनील दत्त श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।इस शोकसभा का संचालन महासभा के जिला महामंत्री अरूण सहाय ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### हर्षवर्धन सिंह के वेटरनरी में चयन से क्षेत्र में खुशी की लहर




प्रखर जौनपुर। श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज समोधपुर के पूर्व छात्र हर्षवर्धन सिंह पुत्र डॉ.अजय कुमार सिंह का वेटरिनरी में चयन होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वह विकासखंड सुईथाकला क्षेत्र अंतर्गत समोधपुर गांव के निवासी हैं।वेटरनरी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित परीक्षा 2023 में ऑल इंडिया कोटा 2023 के पहले राउंड में वेटरनरी में चयन हुआ है। पिता डॉ अजय कुमार सिंह तथा माता पूनम सिंह ने बधाई देते हुए ऊंचाई की तरफ अग्रसर होने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। हर्षवर्धन सिंह का चयन कॉलेज आफ वेटरिनरी साइंस एंड एनिमल हसबैंड्री मथुरा उ.प्र. में हुआ है। प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह रानू,पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. रणजीत सिंह ,प्रधानाचार्य डॉ अजेय प्रताप सिंह सहित शिक्षकों ने हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है । विश्वास जताया है कि निरंतर प्रगति करते हुए लक्ष्य को हासिल कर क्षेत्र और समाज का नाम रोशन करेंगे। हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि उनका लक्ष्य डॉक्टर बनकर देश की सेवा करना है।

### द मर्सी क्लब ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शहर के विभिन्न हिस्सों में की साफ-सफाई




प्रखर जौनपुर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज नगर अध्यक्ष अब्दुल सलाम के नेतृत्व में सफाई कार्य में टीम ने योगदान दिया, आज के कार्यक्रम पीएम मोदी के आह्वान पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाकर टीम मेंबरों द्वारा श्रमदान किया गया। रियाजुल हक ने कहा कि मन की बात के 105वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सभी नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए 1 घंटे के श्रमदान की अपील की, जो गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर ही बापू को स्वच्छांजलि के रूप में देनी थी। उसी के अंतर्गत आज क्लब द्वारा स्वच्छता का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर मो खालिक, फिरोज खान, रितेश श्रीवास्तव, कलीम सिद्दीकी, जीतेंद्र, राजेश, मनोज सेठ, बख्तियार आलम, शब्बीर हैदर आदि मौजूद रहे।


### स्वच्छता ही सेवा, अभियान बना खिलवाड़



प्रखर पिपरौली,सहजनवां। स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय कस्बा पिपरौली जगह जगह कूढ़ो की ढेर बनी हुई हैं।समूचे बाजार में गंदगी का अंबार होने के कारण लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड रहा है।बाजार, गली कूचे कस्बे के चहुंओर कूढ़ो का ढेर पहचान बना हुआ है।जिम्मेदार कभी गावों मे जाने की जहमत नहीं उठाई जिससे खामियाजा यहाँ के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। गंदगी से नालियां जाम होती रहती हैं।जिससे नाली का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है।जब की स्वच्छता को लेकर सरकार एढ़ी से चोटी लगा रही हैं। मच्छरों से फैलने वाली बिमारियां मुह बाए खड़ी हैं।फिर भी जिम्मेदार बेखबर हैं। गौरतलब हो कि पिपरौली कस्बा चार मोहल्ले मे बसा हैं।जिसके चारो तरफ गंदगी ही गंदगी हैं।ब्लॉक मुख्यालय से चले या देईपार चौराहे की तरफ से बाजार के पहले गंदगी से होकर ही जाना पड़ता हैं।यह एकाएक पैदा नही हुआ हैं। गंदगी से परेशान ग्रामीण कई बार शिकायत भी कर चुके हैं, लेकिन साफ-सफाई पर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया है। गांव में गंदगी पसरी होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं। और संक्रमित रोग की चिंता बनी हुई हैं। बात करने पर एडीओ पंचायत पिपरौली अरविंद कुमार सिंह ने कहा-गंदगी हर हाल मे सफाई किया जायेगा।अधिक गंदगी होने पर रोस्टर लगा कर सफाई कराया जायेगा।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर स्वच्छता की ओर बढ़ रहा है देश : संजय चोपड़ा

प्रखर हरिद्वार। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर महा स्वच्छता मिशन को सफल बनाने के उद्देश्य की पूर्ति के लिए पूर्व मंडी अध्यक्ष व भाजपा वरिष्ठ नेता संजय चोपड़ा के संयोजन में अलकनंदा घाट ,प्रथम न्यू स्मार्ट वेडिंग जोन रोड़ी बेल वाला महिला पिक वेडिंग जोन,विष्णु घाट पुल, बिरला घाट, पतदीप पार्किंग, जटवाड़ा पुल वेंडिंग जोन , सेक्टर 2 बेरियल भगत सिंह चौक प्रस्तावित वेंडिंग जोन बस स्टैंड बिरला चौक आदि इत्यादि क्षेत्र में सामाजिक कार्यकताओं के साथ महा स्वच्छता अभियान में सफाई अभियान चला कर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में नगर निगम प्रशासन का पूर्ण सहयोग किया। इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय चोपड़ा ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान



पर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए देशवासी संकल्पित होकर भारत देश को स्वच्छता और बढ़ाने के लिए एकजुट दिखाई दे रहे हैं उन्होंने कहा स्वच्छता अभियान प्रत्येक महीने की किसी तिथि पर देश में चलाया जाता रहना चाहिए क्योंकि दुनिया में स्वच्छता को लेकर भारत की एक नई पहचान बने` संजय चोपड़ा ने यह भी कहा जिस प्रकार से अन्य दिवस मनाए जाते हैं उसी की तर्ज पर देश में झाड़ू सफाई दिवस मनाए जाने की परंपरा भी कायम की जानी चाहिए ताकि आम जनता को स्वच्छता के प्रति अपनी दिनचर्या में स्वच्छता का ध्यान रहे। नगर निगम की ओर से आनन्द सिंह मिश्रवाण सहायक अभियंता सामाजिक कार्यकर्ता मे राजकुमार एंथोनी ,पंडित कमल शर्मा, नंदकिशोर गोस्वामी ,मुन्नालाल ,मोहनलाल ,हेमंत कुमार ,नीरज कश्यप ,तस्लीम अहमद, आजम अंसारी ,रणवीर सिंह ,विजेंद्र चौधरी ,कामिल अंसारी , पूनम माखन, नम्रता सरकार ,सुनीता चौहान, मंजू पाल ,सीमा देवी ,कामिनी मिश्रा, पार्वती देवी, सुमन गुप्ता ,पुष्पा दास, सुमित्रा देवी, संगीता देवी ,दिशा चौहान प्रभा देवी पूनम, भूपेंद्र राजपूत, योगेंद्र सिंह, ओम प्रकाश कालियान, लाल चंद गुप्ता आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

बॉलीवुड

# लालच, प्यार और जुनून




**अगर** दिल्ली का सुल्तान बनना है तो जंग बिना गोली चलाये जीतनी होगी! 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' एसेंशन बाय अर्णब रॉय की पुस्तक पर आधारित है। इसके निर्देशक है मिलन लुथरिया। इसमें ताहिर राज भसीन, अंजुम शर्मा, दिग्गज अभिनेता विनय पाठक और निशांत दहिया नजर आयेंगे। अनुप्रिया गोयनका, मौनी रॉय, हरलीन सेठी एवं मेहरीन पीरजादा भी हैं। मिलन लुथरिया ने कहा- 'मैंने 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' पर कड़ी मेहनत की है। क्योंकि मैं अपनी पहली वेब सीरीज में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता था। हमारे प्रयासों को लोगों ने सराहा है और ऐसा लग रहा है कि एक अध्याय पूरा हुआ। उम्मीद है कि सब इसे पसंद करेंगे और इसका भरपूर आनंद उठायेंगे।' ताहिर ने कहा- 'अर्जुन भाटिया का किरदार निभाना रोमांचक एवं चुनौतीपूर्ण रहा है। केन्द्रीय किरदार है, इसलिए इसको निभाना रोमांचक था। अर्जुन ने अपनी सीमाओं को पार करने में मेरी मदद की है। चुनौतीपूर्ण हिस्से, जिसमें स्टंट एवं हथियारों के प्रशिक्षण की जरूरत थी और जटिल भावनात्मक सफर के बीच निरंतर संतुलन था।' यह सीरीज 13 अक्टूबर को डिज़्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।



## मौनी को तैयार होने में 3 घंटे लगते थे - लूथरिया

पावर-पैक सीरीज सुल्तान ऑफ़ दिल्ली मिलन लुथरिया द्वारा निर्देशित है। लुथरिया ने कहा- 'मुझे वास्तव में मजा आया लेकिन कलाकारों ने मुझे पिछले 2 वर्षों से बहुत परेशान किया और उस पंक्ति में पहली मौनी रॉय है। मौनी आई थी, सुबह हम सभी का अभिवादन करने के लिए कॉल टाइम से 10 मिनट पहले सेट करें फिर हम लंच के समय सीधे उससे मिलेंगे। उसे तैयार होने और सेट पर पहुंचने में 3 घंटे लगे, मैं हैरान था।'

## मौनी रॉय ने पहली बार किया जैज

सुल्तान ऑफ दिल्ली में मौनी रॉय ने अविश्वसनीय प्रदर्शन किया है। दिल्ली के सुल्तान के लिए अभिनेत्री को कैबरे नृत्य की तैयारी करनी पड़ी। अपनी बॉडी लैंग्वेज को बेहतर बनाने में कोई कसर नही छोड़ी। मौनी ने कहा- 'मिलन सर वास्तव में बहुत सटीक है और वह ठीक-ठीक जानते है कि उन्हें क्या चाहिए। मै हमेशा उनसे पूछती थी कि हम किस गाने पर कैबरे कर रहे है। उन्होंने कहा कि यह ओरिजिनल गाना होगा और ऐसा होगा। शानदार रहा। मैंने अपने जीवन में पहली बार जैज़ करने का प्रयास किया है। मुझे अधिक अभ्यास करना पड़ा क्योंकि इसके लिए अलग शारीरिक भाषा की आवश्यकता थी और मै नृत्य को लेकर बहुत आश्वस्त नहीं थी।'

## युवाओं को जिन्दगी अपनी शर्तो पर जीनी चाहिए -नितेश तिवारी



फिल्म 'तुमसे ना हो पाएगा' दो बेस्ट फ्रैंड्स की प्रासंगिक और जीवन के सार से भरी कहानी है। ये दोस्त अपनी सफलता को खुद तय करना चाहते है और समाज की हर आंटी की नुक्ता-चीनी का सामना करते है! इसके लेखक नितेश तिवारी ने बताया- 'अश्विनी ने मुझे वरुण अग्रवाल की किताब 'हाऊ आई ब्रेव्ड अनु आंटी एण्ड को-फाउंडेड ए मिलियन डॉलर कंपनी' तोहफे में दी थी और कहा था कि उससे अच्छी फिल्म बनने की संभावना है। इसका कंटेंट यूनिवर्सल और जानकारियों से भरा है। मुझे यह बड़ा ही आकर्षक और मजेदार लगा। हमने हमेशा की तरह अपने मन की बात मानी। हालांकि, हमने इसे आज के युवाओं के लिये प्रासंगिक बनाने के लिये अपनी तरफ से भी बहुत कुछ जोड़ा। हम अपने युवाओं से कहना चाहते है कि उन्हें अपनी जिंदगी अपनी शर्तो पर जीनी चाहिये, खुद के लिए रास्ता बनाना चाहिए और सफलता के लिये अपने मानक तय करने चाहिये।

## गौरी बनी मजबूत, स्वतंत्र और आत्मविश्वासी



सोनी सब का शो 'पश्मीना - धागे मोहब्बत के' प्रेम कहानी है। गौरी तेजवानी पश्मीना की मां प्रीति सूरी की भूमिका निभाएंगी। प्रीति मजबूत, स्वतंत्र महिला है और जीवन भर वह अपनी बेटी की सबसे बड़ी समर्थक रही है। गौरी ने कहा- 'यह कश्मीर की मनमोहक पृष्ठभूमि में क्लासिक रोमांस के कालातीत तत्वों को बहुत अच्छे तरीके से साथ बुनता है। स्क्रिप्ट वाकई असाधारण है। कश्मीर की सुंदरता के बीच शूटिंग करने से बचपन की कई यादें ताज़ा हो जाती है। जिससे ऐसा महसूस होता है जैसे खुशी-खुशी घर वापस आ गए हों।

टीवी

## सनी लियोनी रियलिटी शो में



बॉलीवुड की सनसनी सनी लियोनी - टेलीविजन उद्योग में शामिल होने वाली हैं। फिल्म उद्योग की धमाकेदार अभिनेत्री लियोनी ने तेलुगु जीईसी, ज़ी तेलुगु में से रोमांचक नई परियोजना शुरू की है। जिसमें सनी को नए अवतार में देखा गया। कई फिल्मों और टेलीविजन रियलिटी शो का हिस्सा रह चुकी सनी को धाराप्रवाह तेलुगु संवाद बोलते हुए देखने का अवसर होगा। लियोनी अपनी साहसी और फैशनेबल होने के लिए प्रसिद्ध हैं - इसमें पुराने गहनों के साथ साड़ी और बिंदी पहने हैं। उन्होंने न केवल अपनी सुंदरता और आकर्षण से बल्कि अपने तेलुगु संवादों से प्रभावित किया।

## होस्ट बने पंकज त्रिपाठी

स्टार भारत 'सावधान इंडिया' - क्रिमिनल डिकोडेड के कुछ खास एपिसोड्स को होस्ट करने के लिए पंकज त्रिपाठी को अप्रोच किया गया। हिंदी सिनेमा जगत में अभिनय के लिए मशहूर अभिनेता पंकज त्रिपाठी के कौशल को देखते हुए कुछ खास आपराधिक मामलों से जुड़े एपिसोड को होस्ट करने के लिए कहा गया है। दिल को दहलाने वाली वास्तविक घटनाओं का नाटकीय चित्रण दिखाया जाएगा। पंकज त्रिपाठी का भारतीय सिनेमा में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कई नामचीन फिल्मों में महत्वपूर्ण किरदार से वे घरेलु नाम बन गए। ओटीटी प्लेटफार्म और फिल्मों में उन्होंने कई गंभीर मुद्दों को लेकर काम किया।



## गंजी हो गयी परिवा

सोनी सब पर 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से' में वंदना (परिवा प्रणति) ब्रेस्ट कैंसर की मरीज बनी है। ब्रेस्ट कैंसर संवेदनशील विषय है, जिससे अत्यधिक सावधानी से निपटा जाना चाहिए। शो में वंदना पर कीमोथेरेपी के प्रभाव है, उनके बाल झड़ने लगे। परिवा ने कहा- "कैंसर से पीड़ित किसी व्यक्ति की भूमिका निभाना मेरे लिए बेहद भावनात्मक और पूरी तरह से नई यात्रा थी। मुझे गंजा दिखना था, मैंने काफी शोध किया कि कीमोथेरेपी की प्रक्रिया में क्या होता है और रोगी पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है। यह काफी उतार-चढ़ाव भरा सफर था, प्रोस्थेटिक्स को अच्छे से लगाना चुनौतीपूर्ण था। इसमें काफी चुनौती सामने आई। तापमान को ठंडा रखना पड़ता था, नहीं तो प्रोस्थेटिक्स पिघलना शुरू हो जाते क्योंकि हमें प्रोस्थेटिक्स के साथ 12 घंटे से अधिक समय तक शूटिंग करनी थी।'



# जखनियां की सड़क के बीच बने अनगिनत गहरे गड्ढों ने कराया सांसद को दर्द का अहसास, सड़क बनाने के लिए खुद के प्रस्ताव की घोषणा की

प्रखर जखनियां गाजीपुर।जखनियां की बदहाल सड़कों ने आखिरकार देश के एक संसद सदस्य को दर्द दे ही दिया, जिसके बाद उनकी भी आंख खुल गई और उन्होंने सार्वजनिक मंच से जिलाधिकारी से उनके जिले के सड़क की स्थिति सुनाई और उसे बनवाने के लिए खुद ही प्रस्ताव देने की बात कही। हथियाराम स्थित सिद्धपीठ मठ में शुक्रवार को चातुर्मास अनुष्ठान का समापन हुआ। जिसमें बलिया के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त मनिहारी वाया जखनियां के हथियाराम तक सड़क मार्ग से ही पहुंचे थे। इस दौरान सड़कों में बने गड्ढों में उनकी गाड़ी ने इतने हिचकोले खाए कि उन्हें भी दर्द हो गया, साथ ही वो हैरान भी रह गए। उन्होंने मंच से ही डीएम से सड़क की स्थिति बताई और उसे बनवाने का खुद ही प्रस्ताव देने की घोषणा की। कहा कि ये सड़क बेहद खराब है, इस पर कैसे लोग चल रहे हैं, वो ये देखकर हैरान हैं। जिलाधिकारी से कहा कि मैं अगली बार पुनः चातुर्मास अनुष्ठान में सम्मिलित होने व बुढ़िया माता के दर्शन पूजन के लिए सिद्धपीठ हथियाराम मठ आऊंगा तो उस समय तक सड़क बनी होनी चाहिए। जिसके लिए अपनी तरफ से प्रस्ताव देने की घोषणा भी की। जिलाधिकारी ने भी स्वीकार किया कि क्षेत्र की सड़कें बेहद खराब हैं, सड़के बनाने की लिए प्रस्तावित हैं। उन्हें बनाने का कार्य अक्टूबर माह में शुरू किया जाएगा। जिसके बाद पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

# कथा के दूसरे दिन नारद व 12 अवतारों का वर्णन

प्रखर जलालपुर जौनपुर। क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव बाजार निवासी फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ के पैतृक निवास स्थान पर चल रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार को नारद अवतार व बारह अवतार का वर्णन किया गया।प्रवचन देते हुए कथा वाचक बाल व्यास शशिकान्त महराज (श्री काशी) ने कहा कि भगवान नारद पूर्व जन्म में एक दासी के पुत्र के रूप में जन्म लिए थे।सत्संग की कृपा से वे दूसरे जन्म में ब्रह्मापुत्र नारद के रूप में अवतरित हुए।भगीरथी गंगा व भगवती गंगा में अंतर बताते हुए कथा वाचक ने कहा कि भगीरथी गंगा भगवान के चरण से निकले,जिसे भगवान शिव ने अपनी जटा में धारण किया,



जबकि भगवती गंगा भगवान के मुख से निकली हैं,जिसे भगवान ने अपने हृदय में धारण किया है। भागवत पुराण पर प्रकाश डालते हुए कथा वाचक बाल व्यास शशिकान्त महराज ने कहा कि वेद व्यास ने भागवत की रचना कर मानव जाति को इसका लाभ पहुंचाया है।कथा के पहले बाल गायिका विदुषी वर्मा ने गणेश वंदना व राधे रानी से कार्यक्रम की शुरूआत की। इससे पूर्व कथा की शुरूआत दिनेश कुमार सिंह आईएएस (से.नि.) पूर्व आयुक्त चित्रकूट धाम व पूर्व ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह ने द्वीप प्रज्जवलित कर कथा का शुभारम्भ किया।जिसमें मुख्य यजमान के रूप में अशर्फी सेठ व फूलपत्ती देवी शामिल हुए।आए हुए सभी अतिथियों को व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुराग वर्मा ने अंगवस्त्रम् भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर अजीत सेठ, हरिशंकर चौबे, सुदर्शन मिश्रा, रामदुलार सरोज, लोलारक जायसवाल, गायक रंजन दुबे, गायक अमिताभ तिवारी,अतर सिंह, चन्द्रेज दुबे, विनय वर्मा,सत्यम सेठ, रमेश सेठ, सतीश वर्मा,पप्पू मिश्रा, बरसाती यादव, सुशील मिश्रा सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# भाजयुमो ने स्वच्छता अभियान चलाकर किया श्रमदान

प्रखर रामनगर वाराणसी। भारतीय जनता युवा मोर्चा रामनगर मण्डल अर्जुन शर्मा योगी के नेतृत्व में रामनगर मण्डल के लाल बहादुर शास्त्री प्रतिमा स्थल के समीप व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह रहे युवाओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणा से भारत को स्वच्छ और समृद्ध बनाने के लिए भारत के हर नागरिक को स्वच्छता की ओर बढ़कर श्रमदान करना चाहिए अजय प्रताप सिंह ने कहा स्व महात्मा गांधी जी एवं स्व लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिन के पूर्व हम सभी कार्यकर्ता नगर में स्वच्छता अभियान चलाकर आम जनमानस को भारत स्वच्छ बनाने का संदेश देंगे भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान का कार्यक्रम प्रधानमंत्री जी के प्रेरणा से पूरे भारत में किया जा रहा है कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मण्डल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा योगी पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बबलू साहनी मण्डल उपाध्यक्ष आलोक कुमार,शिवम दुबे,आनंद शर्मा आशीष सिंह, विश्वजीत कसेरा, उमेश मौर्या, बलिराम पांडेय,जय किशन जायसवाल, आकाश साहनी रमेश साहनी व बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने स्वच्छता अभियान में श्रमदान कर भाग लिया।

# हाथ में झाडू थाम दिया स्वच्छता का संदेश

प्रखर रामनगर वाराणसी। देशव्यापी 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड नं 65 मलीन बस्ती में स्वच्छ सर्वेक्षण रामनगर के पूर्व ब्रांड एंबेसडर शुभम सिंह ने नगर निगम के कर्मचारियों एवं स्थानीय जनों के साथ श्रमदान किया।उन्होंने महाभियान में सम्मिलित होकर श्रद्धेय बापू को अपनी स्वच्छांजली अर्पित की। इस अवसर जन-समुदाय को जागरूक करते हुए शुभम सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसके सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नहीं बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी।इस मौके पर नगर निगम जोनल कार्यालय रामनगर के कर्मचारी एवं दर्जनों स्थानीय जन उपस्थित थे।

# मानवीयता की प्रतिमूर्ति थे अशोक दास

प्रखर जखनियां गाजीपुर। बिरनो थाना क्षेत्र के किशुनपुर गोपाल निवासी सेवा निवृत्त एस.आई अशोक दास का शनिवार को हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया । उनके निधन का समाचार सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आवास पर जाकर सैकड़ों लोगों ने स्वर्गीय अशोक दास को श्रद्धांजलि अर्पित किया और उनके व्यवहार कुशलता पर प्रकाश डालते हुए मानवीयता की प्रतिमूर्ति बताया।रविवार को उनका अंतिम संस्कार हुआ उनके बड़े पुत्र मनीष कुमार ने उनको मुखाग्नि दी । उनके अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोग उपस्थित रहे उनमें प्रमुख रूप से प्रधानाचार्य मुजूर यादव , पत्रकार विजय मधुरेश, जिला पंचायत सदस्य पारस यादव, वरिष्ठ लिपिक सैलेंद्र यादव, एस .आई अमित शंकर , रविशंकर , गजेंद्र दास , अरविंद पहलवान , विनीत कुमार, पूर्व एक्स. एन. रामदरस यादव , बाला यादव , अनिरुद्ध यादव , जेई पवन कुमार , राकेश कुमार दीना पहलवान, रविंद्र नाथ यादव, अशोक यादव, अभयकांत , पिंटू यादव आदि रहे ।

# परिवार परामर्श केंद्र में प्रस्तुत हुए 14 वाद जिसमे आठ परिवारों की हुई विदाई

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। परिवार परामर्श केंद्र गाजीपुर द्वारा पुलिस लाईन्स गाजीपुर के सभागार मे पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन मे कुल 14 परिवार विवाद प्रस्तुत हुये। इनमे सरिता पत्नी विनोद राम निवासी छाही थाना सारनाथ वाराणसी की शिकायत है कि उसके पति हमेशा उससे दूरी बनाये रहते है इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई, जामीला खातुन पत्नी सद्दाम अंसारी निवासी जंगीपुर की शिकायत थी कि उसके पति सॉस ननद के कहने पर उसके साथ मार पीट करते रहते है इस पर पति एवम सास ससुर को समझाकर विदाई करवाई गई, रीता देवी पत्नी सुनील कुमार निवासी रामसिंहपुर थाना भुडकुडा की शिकायत थी कि उसके पति मारपीट कर उसके सभी आभूषण ले लिये है इस पर पति को समझाकर उसके आभूषण को दिलवाने का सुझाव देते हुये विदाई करवाई गई, सीमा वनवासी पत्नी संतोष वनवासी निवासी सुजनीपुर थाना शादियाबाद की शिकायत थी कि उसके पति उसे मायके जाने नही देना चाहते इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई, मनीषा पत्नी रजनीश कुमार निवासी लुलापुर थाना भुडकुडा गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति और सास ससुर उसे पहले कलकत्ता ले गये वहा उसे अकेला छोडकर चले आये जब मैं अपने पिता के यहॉ फोन की तब कलकत्ता जाकर मुझे लेकर आये इस पर पति और ससुराल पक्ष को समझाकर विदाई कराई गई, लक्ष्मीना देवी पत्नी राजकुमार निवासी दिल्लातपुर थाना दुल्लहपुर गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति व ससुर एक साथ बैठकर शराब पीकर उसके साथ गाली देते हुये मार पीट करते है इस पर पति और ससुर को समझाकर विदाई करवाई गई।

# एक्सपर्ट्स की सलाह के बिना रोजाना न करें इस चाय का सेवन, सेहत पर पड़ सकता है भारी

हर भारतीय किचन में आपको कई ऐसे मसाले मिल जाएंगे, जो सेहत संबंधी समस्याओं को दूर करने में मददगार होते हैं। स्किन को ग्लोइंग बनाने से लेकर डाइजेशन तक हमारे किचन में कई तरह के नुस्खे मौजूद होते हैं। अजवाइन, मेथी, जीरा और दालचीनी आदि कई ऐसे मसाले हैं, जो स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को दूर करने में हमारी मदद करते हैं। लेकिन इसके लिए इन मसालों के सही इस्तेमाल का तरीका पता होना बहुत जरूरी है। क्योंकि अगर आपको इनके इस्तेमाल के तरीके के बारे में नहीं पता होगा, तो आपको फायदे की जगह नुकसान भी हो सकता है।

ऐसे में अगर आप मेथी दाने की बात करते हैं तो इससे सेहत को कई फायदे मिलते हैं। मेथी की चाय सेहत के लिए काफी अच्छी मानी जाती है। कई हेल्थ कंडीशन्स में मेथी की चाय पीने की सलाह दी जाती है। लेकिन अगर आपके मन में भी यह सवाल है कि क्या रोजाना मेथी की चाय का सेवन सही है या नहीं। तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मेथी की चाय आपकी सेहत के लिए कितनी फायदेमंद होती है।



**इस चाय के फायदे**- कई बीमारियों में मेथी दाने की चाय आपको फायदा पहुंचा सकती है। बता दें कि मेथी दानों में प्रोटीन, कार्ब्स, फैट, आयरन, फाइबर और मैग्नीशियम पाया जाता है। इस चाय के सेवन से डाइजेशन सुधारने, ब्लड शुगर को मैनेज करने और जोड़ों के दर्द में राहत मिलती है। इसे बनाने के लिए 1 टीस्पून मेथी दानों को आधा कप पानी में उबाल लें। अच्छे से उबालने के बाद इसे छान लें। इस चाय को पीना लाभकारी होता है। लेकिन चाय के सेवन के दौरान इसकी मात्रा का ख्याल रखना जरूरी है। मेथी दानों का सेवन सीमित मात्रा में ही फायदेमंद होता है।

**रोजाना पी सकते हैं मेथी दाने की चाय**- इस बात में कोई दोराय नहीं है कि मेथी दाने की चाय फायदेमंद होती है। लेकिन एक्सपर्ट्स के अनुसार, इसका रोजाना सेवन सही है या नहीं, यह व्यक्ति की सेहत पर निर्भर करता है। कुछ हेल्थ कंडीशन में मेथी दाने की चाय रोजाना पीने की सलाह दी जाती है, तो वहीं कुछ हेल्थ कंडीशन में इसका रोजाना सेवन सही नहीं माना जाता है। इसलिए मेथी दाने की चाय को रोजाना पीने से पहले डॉक्टर से परामर्श जरूर करनी चाहिए। क्योंकि कई लोगों को इस चाय से एलर्जी होती है।

# स्वच्छांजलि कार्यक्रम के अंतर्गत श्रमदान एवं वृक्षारोपण किया गया

प्रखर जौनपुर। नगर में जिला जेल के निकट कचहरी उप डाकघर में स्वच्छाजलि कार्यक्रम के तहत एक अक्टूबर को श्रमदान कार्यक्रम में डाक विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कचहरी डाक परिसर में साफ- सफाई एवं वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर प्रधान डाक घर जौनपुर के डाक अधीक्षक परमानंद कुमार, कचहरी उप डाकघर की पोस्ट मास्टर नुजहत फातिमा, राघवेंद्र, राजेश सिंह, बृजेश मिश्रा,दीपेंद्र, शकील खान,विक्रांत, रवी, ऋषिकेश व रंजन आदि मौजूद रहे।



# वरिष्ठ पत्रकार मुकुल सरल कों जनमित्र सम्मान से किया गया सम्मानित



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मानवाधिकार पर पीपुल्स विजिलेंस कमेटी (पीवीसीएचआर) एक ऐसे नायक को जनमित्र सम्मान से सम्मानित करते हुए गौरव महसूस कर रहा है जिसने अदम्य साहस और नवाचार करने की दृढ़ता से वंचित समुदाय के उत्थान के लिए हमेशा जोखिम उठाया है कवि - पत्रकार एवं संस्कृतिकर्मी मुकुल सरल को मौजूदा दौर में एक ऐसे मॉडल के रूप में देखा जा सकता है जिन्होंने दबाव और सेंसरशिप का विरोध करने में हमेशा साहस प्रदर्शित किया आज की दुनिया अभिव्यक्ति के भयंकर संकट से गुजर रही है पूरी दुनिया में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता राजनेताओं और दब्बू मीडिया मालिकों के निशाने पर है कई बार हम अपनी आत्मा बेचकर कहीं भी अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार खो देते हैं लेकिन मुकुल जी ने हमेशा इन चुनौतियों का मुकाबला किया जोखिम भरी कीमत चुकाने के बावजूद उन्होंने सत्य का खांडा हमेशा निर्भीकतापूर्वक खड़काया है सूचना अराजकता, कलम पर सेंसरशिप पर विरोध दर्ज कराते हुए विघटनकारी ताकतों का कड़ा मुकाबला किया है मुकुल जी वंचित समुदाय के उत्थान और तरक्की के लिए हमेशा विश्वसनीय रिपोर्टिंग को प्रमुखता दी 'विश्व प्रेस आजादी तालिका के 180 देशों में भारत का 142 वां स्थान है यदि पत्रकारिता किसी देश की इतनी फिसड्डी हो तो उसके लोकतंत्र का हाल क्या होगा? लोकतंत्र के तीन खंभे विधानपालिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के अलावा चौथा खंभा खबरपालिका है जो सबकी खबर ले और सबको खबर दे` पहले तीन खंभों के मुकाबले सबसे ज्यादा मजबूत हर शासक की कोशिश होती है कि इस खंभे को खोखला कर दिया जाए इस दौर में मुकुल सरल ऐसे साहसी पत्रकार हैं जो अपनी कलम की धार से सत्तानसीनों के दम फुलाएगा मुकुल सरल देश के चर्चित मीडिया संस्थान न्यूजक्लिक (नई दिल्ली) में समाचार संपादक हैं सत्तापक्ष से मिलने वाली तमाम धमकियों के बावजूद वह हमेशा अपने टेक पर डटे रहे` निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकार मुकुल जी जनमित्र सम्मान से भी बड़े सम्मान के पात्र हैं इनका सम्मान उन जैसे सभी पत्रकारों का हौसला जरूर बढ़ाएगा मुकुल सरल को बधाई।



# जानें प्रापर्टी बेचने के लिए ग्राहकों को रिझाने के गुर

अगर आप अपनी प्रापर्टी बेचना चाहते हैं तो उसके लिए आपको अपनी प्रापर्टी को इस तरह पेश करना होगा जिस तरह कोई दुकानदार ग्राहकों को रिझाने के लिए अपनी दुकान पर लगे उत्पादों को खूब करीने से सजा संवारकर रखता। ऐसा करने से आपकी संपत्ति जल्दी बिकेगी और अच्छे दाम देकर जाएगी। याद रखिये प्रापर्टी देखने में अच्छी लगेगी अर्थात उसका रंग रोगन व अन्य चीजें एकदम नई दिखेंगी तो आपको यह संपत्ति बेचने में ज्यादा मुश्किल नहीं होगी क्योंकि 'जो दिखता है वही बिकता है'



प्रदीप मिश्रा
एक्सपर्ट, रियल एस्टेट

कहते हैं संपत्ति का सौदा बार-बार नहीं किया जाता, इसलिए इस काम में सावधानी, परख और उचित निर्णय के साथ समय का ध्यान रखना भी बेहद लाजिमी होता है। फिर चाहे आप संपत्ति खरीदने निकले हों या फिर उसे बेचने। खरीदने के संबंध में इन बातों का ध्यान रखना जरूरी इसलिए है कि आपको संपत्ति की अतिरिक्त व अधिक कीमत न चुकानी पड़े। दूसरी तरफ यदि आप संपत्ति बेचने जा रहे है तो आपको ऐसे संभावित ग्राहक की तलाश करनी चाहिए जो आपकी संपत्ति में गहरी दिलचस्पी रखे और आपकी संपत्ति बाजार भाव पर खरीदने के लिए तैयार भी हो। आज हम आपको बताएंगे कि आपकी संपत्ति का आपको अच्छा दाम मिल सके इसके लिए किन तरीकों को अपनाना चाहिए।

## लगाएं सही कीमत

आपकी संपत्ति की तरफ कोई भी संभावित ग्राहक तभी आकर्षित होगा जब आपकी संपत्ति की कीमत बाजार भाव के अनुसार उचित होगी। अगर आप चाहते हैं कि आपको संपत्ति बेचने के लिए अधिक से अधिक ग्राहकों का विकल्प मिले तो इसके लिए सबसे पहले आप अपनी संपत्ति की सटीक कीमत निर्धारित करें। संपत्ति की सही कीमत निर्धारित करना कोई कठिन काम नहीं, इसके लिए आप उस क्षेत्र के ब्रोकर्स और एजेंट्स की सहायता ले सकते हैं जो वहां संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सहायक के रूप में काम करते हैं। आप कम से कम तीन से पांच ब्रोकर्स से संपर्क करें और यह तहकीकात करें कि उस क्षेत्र में संपत्तियों के दाम क्या चल रहे हैं। संभव है कि हर ब्रोकर आपको संपत्तियों की अलग-अलग कीमत बताए, ऐसे में उनके द्वारा बताई गई कीमत का औसत निकाल कर आप अपनी संपत्ति की कीमत निर्धारित कर सकते हैं।




## वैल्युअर की लें मदद

आप चाहें तो इस काम के लिए वैल्युअर की मदद भी ले सकते हैं या फिर कई कंपनियां ऐसी भी हैं जो संपत्तियों की कीमतों के निर्धारण का काम ही करती है। इनकी सहायता बड़े-बड़े बिल्डर्स भी लेते हैं। संपत्ति की कीमत निर्धारित करने के लिए उनकी सहायता भी ली जा सकती है। अगर आप वैल्युअर की अपेक्षा ब्रोकर्स की मदद लेना चाहते है तो संपत्ति बेचने के लिए कीमत पूछने की अपेक्षा उनके पास खरीदार बनकर जाना अधिक बेहतर होगा। अक्सर ऐसा होता है कि संपत्ति के विक्रेता को संपत्ति की कीमतें कम जबकि ग्राहकों को कीमतें अधिक बताई जाती हैं।

## सर्किल रेट पता करें

अपनी संपत्ति की कीमत आप शहर के विकास प्राधिकरण द्वारा घोषित सर्किल रेट के आधार पर भी तय कर सकते हैं। इसके अलावा कीमत निर्धारित करने का एक विकल्प यह भी है कि आप उस क्षेत्र के लोगों से बातचीत करके पता कर लें कि उस क्षेत्र में किन संपत्तियों का सौदा हाल में हुआ है। आपकी संपत्ति के आकार और उसी के मुताबिक बनी संपत्ति जिस कीमत में बिकी हो तो आप उसी के अनुरूप कीमत का निर्धारण कर लें। यह कतई न भूलें कि पिछले कुछ वर्षों से लगातार हर महीने संपत्तियों के दाम में परिवर्तन हो रहे हैं अतः आप भी अपनी संपत्ति की कीमत उसी अनुसार निर्धारित करें। यह बात अच्छी तरह याद रखें कि संभावित ग्राहक को लुभाने के लिए आपकी संपत्ति की कीमत बाजार भाव के अनुसार ही होनी चाहिए अन्यथा आपकी संपत्ति बिकने में अधिक वक्त भी लग सकता है।

## तैयार करें प्रेजेंटेशन

संपत्ति की कीमत तैयार करने के बाद बारी आती है उसके प्रेजेंटेशन की। कहने में कोई अतिश्योक्ति नही है कि आज के दौर में हर तरफ बाजारवाद हावी है। जो भी सुलभ हो और ग्राहक को बेहतर लगे उसके लिए जेब से पैसे निकलवाना कोई मुश्किल नही। आप इस फार्मूले को संपत्ति के सौदे में लागू कर सकते है। यह कोई कठिन काम नही और संपत्ति को आसानी से बेचने में आपको इसका लाभ ही होगा और इस पर आने वाला खर्च भी मामूली ही होगा। प्रेजेंटेशन तैयार करने के लिए सबसे पहले आप अपनी संपत्ति की कुछ तस्वीरें खींचे। ये तस्वीरें घर के हर हिस्से की हों। इसके बाद आपके घर या संपत्ति के नजदीक जो भी सुविधाएं उपलब्ध हों जैसे पार्क, मार्केट या फिर मनोरंजन के साधन उनकी लिस्ट बनाएं हो सके तो उनके फोटोग्राफ भी अपनी प्रेजेन्टेशन में शामिल कर लें। इसका लाभ यह होगा कि यदि संभावित ग्राहक मौके पर जाकर आपकी संपत्ति नही देख सकेगा तो आप उसे कम से कम उसकी तस्वीरें ही दिखा सकते है।

उन तस्वीरों या फिर आपके द्वारा बनाई गई संपत्ति की उस फाइल को आप संभावित ग्राहक को अपने घर ले जाने के लिए भी कह सकते है जिससे कि वह अपने परिवार के अन्य सदस्यों को भी ये तस्वीरें दिखा सके। यह बात अच्छी तरह से याद रखें कि घर की खरीद में महिलाओं की भागीदारी और भूमिका अहम रहती है, अक्सर ऐसा होता है कि महिलाएं घरेलू कामकाज की वजह से घर की तलाश में पुरुषों का साथ नहीं दे पाती, किन्तु आपकी प्रेजेंटेशन के जरिये आपका घर या संपत्ति और उसके नजदीक सुविधाएं खुद-ब-खुद उन तक पहुंच जाएंगी और संभावित ग्राहक आसानी के साथ जल्दी किसी निष्कर्ष पर पहुंच सकेंगे कि वे आपकी संपत्ति खरीदने में इच्छुक है अथवा नहीं।

आप चाहें तो अपनी प्रॉपर्टी की प्रेजेंटेशन की कुछ कॉपियां उस क्षेत्र के ब्रोकर्स को भी दे सकते है। क्योंकि उनके पास भी आने वाले ग्राहकों की बड़ी संख्या होती है। याद रखें कि अगर आप संपत्ति बेचने का निर्णय कर चुके है तो उसे जल्दी ही निपटाने पर भी ध्यान दें अन्यथा बाजार में यह बात फैलते भी देर नही लगेगी कि उस संपत्ति को देखने के लिए ग्राहक तो बहुत आते है लेकिन वह बिक नही पाती। ऐसे में संपत्ति की कीमत पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ने की गुंजाइश भी रहती है।

## विज्ञापन करना लाभदायक

संपत्ति बेचने के लिए आप विज्ञापन का सहारा भी ले सकते है। दैनिक समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के अलावा आज वेबसाइट और पोर्टल का जादू संपत्तियों की खरीद-फरोख्त के मामले में सर चढ़ कर बोल रहा है। आप एक बार सर्च इंजन में जाकर तो देखिये इस तरह की तमाम साइट आपको नजर आ जाएंगी। इन पोर्टल्स की सबसे खास बात यह है कि यहां विज्ञापन का कोई खर्च भी नहीं आता। एक बार पोर्टल पर विज्ञापन आने के बाद आपके पास ग्राहकों की एक बड़ी संख्या संपर्क में आ जाएगी।

## संपत्ति बनाएं आकर्षक

अक्सर ऐसा होता है कि संपत्ति का स्वामी जब उसे बेचने का फैसला कर लेता है तो उसके रख-रखाव पर खर्च करना छोड़ देता है लेकिन यह विचार गलत है। कोई भी खूबसूरत और आकर्षक संपत्ति हर ग्राहक को आकर्षित करती है। इसलिए अगर आपने संपत्ति को बेचने का निर्णय कर भी लिया है तो सबसे पहले उसकी मरम्मत करा लें। खासकर जिन जगहों पर सीमेंट निकल गई हो। इसके बाद हो सके तो दीवारों पर रंग-रोगन करवाकर निखार लाएं। आपकी संपत्ति में यदि लॉन हो तो वहां की घास और पौधों की नियमित छंटाई पर ध्यान दें। इसके अलावा वहां नियमित समय पर साफ-सफाई कराते रहें। यह याद रखें कि ग्राहक वहां पहुंचे तो उस संपत्ति से उसे अपनेपन का अहसास हो। ऐसा होने से वह आपकी संपत्ति में अधिक रुचि लेने के साथ आपको मुंह मांगी रकम देने के लिए तैयार रहेगा।

## तैयार करें कागजात की फाइल

एक बार यदि किसी ग्राहक को संपत्ति पसंद आ जाए और वह आपको बयाना भी अदा कर दे तो उसे संपत्ति से संबंधित कागजात की फाइल की एक फोटोस्टेट प्रति दे दें। संभव है कि वह भी उसके कागजात समझने के लिए अपने कानूनी सलाहकार की मदद ले। इसका एक फायदा यह भी होगा कि संपत्ति का ग्राहक मिल जाने के बाद आपको कागजात तलाशने में मेहनत भी नही करनी पड़ेगी। इसके अलावा इससे आपका प्रोफेशनल नजरिया भी दिखाई देगा। कहने की जरूरत नही कि संपत्ति से संबंधित कागजात की फाइल की एक प्रति मिल जाने के बाद संभावित ग्राहक संपत्ति की शेष राषि का इंतजाम करने में भी अधिक समय नही लेगा। ■

### भुगतान को लेकर भी करें बात

इस सबके बाद बारी आती है संपत्ति के मूल्य के भुगतान की। संपत्ति का बयाना लेते समय ही संभावित ग्राहक से इस बारे में तय कर लें कि आप संपत्ति की कीमत का भुगतान करने के लिए आप उसे कितना समय देंगे। इसके अलावा चेक या ड्राफ्ट के अलावा नकद रूप में वह कितनी राशि का भुगतान करेगा। ये बातें पहले ही हो जाने से आपको बाद में कोई परेशानी नही होगी। इसमें कोई दो राय नही कि अगर आप इन बातों का ध्यान रखते हुए संपत्ति बेचने के लिए निकलते है तो निःसंदेह आपको आपकी संपत्ति की अच्छी कीमत ही मिलेगी बल्कि संभावित ग्राहक मिलने में भी कोई अधिक समय नहीं लगेगा।



# बच्चों के बेहतर भविष्य का साथी चाइल्ड इंश्योरेंस प्लान



अपूर्व कुमार दत्त
बीमा विशेषज्ञ

> एक अभिभावक के दायित्व का निर्वहन कभी भी आसान नहीं कहा जा सकता। अच्छे अभिभावक अपने बच्चे के आर्थिक भविष्य के लिए एक अच्छी प्लानिंग अवश्य करते हैं। जीवन बीमा का चाइल्ड प्लान उनके लिए सर्वदा उपयुक्त माना जाता है। जीवन यापन की आवश्यक वस्तुओं की तरह बच्चों की पढ़ाई का खर्चा भी लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में उनके भविष्य को सुरक्षित करने हेतु चाइल्ड प्लान बेहद जरूरी है

भविष्य की आर्थिक सुरक्षा की चिंता हर किसी को रहती है। खासकर मां-बाप अपने बच्चों के भविष्य को लेकर ज्यादा सजग और जागरूक होते हैं और अपने जीवनकाल में ही अपने बच्चों के भविष्य के लिए ज्यादा से ज्यादा रकम जोड़ने की कोशिश करते हैं। इसके लिए ज्यादातर अभिभावक कोई ऐसा बीमा प्लान खरीदना चाहते हैं जो उनके बच्चों के आर्थिक भविष्य को ज्यादा बेहतर और सुरक्षित बना सके। इसके लिए उनकी प्राथमिकता जीवन बीमा से जुड़े चाइल्ड प्लान ही होती है। चूंकि चाइल्ड प्लान बच्चों के भविष्य को प्रस्तावक के न रहने पर भी आर्थिक परेशानी से बचाता है इसलिए प्रत्येक जागरूक माता-पिता को अपने बच्चों के लिए चाइल्ड प्लान जीवन बीमा योजना जरूर लेना चाहिए।



## क्या है चाइल्ड प्लान

चाइल्ड प्लान दरअसल एक विशेष उद्देश्य से बच्चों के उज्जवल भविष्य को मद्देनजर रखते हुए निवेश सह जीवन बीमा के लिए बनाई गई योजना है। योजना में जीवन बीमा का प्रावधान इस बारीकी से रखा जाता है कि माता-पिता के आकस्मिक निधन हो जाने पर बच्चों को आर्थिक परेशानी का सामना ना करना पड़े और वे आसानी के साथ अपनी शिक्षा-दीक्षा पूरी कर सकें और बिना किसी परेशानी के भविष्य में अपने पैरों पर खड़े (आत्मनिर्भर) हो सकें। चाइल्ड जीवन बीमा में माता-पिता, दोनों में से कोई एक बतौर प्रस्तावक होते हैं और बच्चे बतौर बीमाधारक रहते हैं।

## चाइल्ड प्लान के फायदे

जीवन बीमा से जुड़े चाइल्ड प्लान में एक नहीं बल्कि कई तरह के फायदे हैं। इन फायदों में आयकर में छूट, वेबर प्रीमियम राइडर की सुविधा, पालिसी अवधि के दौरान आंशिक रकम की निकासी, पालिसी बंद होने से कुछ समय पूर्व बच्चे को भी प्रीमियम भरने की अनुमति दिया जाने समेत कई अन्य फायदे भी होते हैं। आइए अब इन फायदों के बारे में विस्तार से जानने की कोशिश करते हैं।

## आयकर में छूट

चाइल्ड प्लान जीवन बीमा योजना में अभिभावक द्वारा जमा किए जाने वाले प्रीमियम पर आयकर अधिनियम के तहत छूट मिलती है। छूट कितनी होगी इसका निर्धारण यूलिप प्लान, जिसमें निवेशित किया जाता है उस पर निर्भर करता है। चूंकि माता पिता द्वारा इस पालिसी का प्रीमियम भरे जाने की व्यवस्था होती है इसलिए उनकी कमाई पर ही यह छूट प्रदान की जाती है।

## प्रीमियम बेनिफिट राइडर

प्रीमियम बेनिफिट राइडर मूल जीवन बीमा योजना का ही एक हिस्सा होता है जिसे मामूली सा अधिक प्रीमियम देने के उपरान्त क्रय किया जाता है। इसके लाभ को इस उदहारण के साथ समझना बेहतर होगा यदि पांच साल के बच्चे का पन्द्रह साल के लिए चाइल्ड प्लान लिया जाता है जिसका वार्षिक प्रीमियम पन्द्रह हजार रुपये है और पालिसी प्रारम्भ होने के कुछ अवधि के उपरान्त प्रस्तावक (माता-पिता में से कोई एक) का निधन हो जाता है तो शेष पूरी बीमा अवधि तक का प्रीमियम सम्बंधित बीमा कंपनी द्वारा भरा जाएगा।

## आंशिक निकासी की सुविधा

यूलिप के माध्यम से क्रय किए गए चाइल्ड प्लान में पालिसी चलने के पांच वर्षों के बाद जरूरत के अनुसार आंशिक रकम निकाली जा सकती है। ऐसा करने से बीमा कवर पर योजना के अनुसार कुछ आंशिक असर हो सकता है लेकिन फिर भी इसका फायदा बच्चों को ही मिलता है। अतः इस प्लान के बारे में अगर यह कहा जाए कि यह योजना बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों के लिए भी फायदेमंद है तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

## चरणबद्ध भुगतान की सुविधा

कुछ कंपनियों द्वारा बच्चे के वयस्क होने पर प्रीमियम का भुगतान करने की सुविधा भी दी जाती है। जैसे यदि बच्चा पांच साल का है और चाइल्ड प्लान बीस वर्षों के लिए क्रय किया गया है तो बच्चे के अठारह वर्ष के होने तक अर्थात पालिसी की शुरुआत के प्रथम चौदह वर्ष तक प्रीमियम भुगतान करना होगा। तत्पश्चात 19वें से 24वें वर्ष तक बीमाधन का एक निर्धारित प्रतिशत, जो कि बीमा क्रय करते समय ही सुनिश्चित किया गया होगा, उसका भुगतान बच्चे को होगा।

### प्रीमियम का निर्धारण

चाइल्ड प्लान जीवन बीमा में प्रस्तावक की उम्र, बच्चे की उम्र और बीमा की अवधि, प्रीमियम निर्धारण के प्रमुख मानक होते हैं। प्रीमियम के भुगतान करने के तरीके मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक, वार्षिक अथवा एकमुश्त भी हो सकते है। परंपरागत और यूलिप माध्यम से क्रय करने पर भी प्रीमियम का निर्धारण अलग-अलग होता है।

# 5 ऐसे नियम जो देंगे निवेश को धार



अगर आप निवेश की योजना बना रहे हैं तो आपको निवेश के कुछ फार्मूलों का ध्यान अवश्य रखना होगा। अगर आप अपना निवेश इन्हीं फार्मूलों के आधार पर करते हैं तो निश्चित रूप से आपका निवेश आपको फायदा ही देकर जाएगा। इसके अलावा अगर आपने निवेश शुरू करने में देरी की है तो भी इस देरी से हुए नुकसान की भरपाई भी इन फार्मूलों के जरिये की जा सकती है



कमाल अहमद रूमी
आर्थिक पत्रकार

अगर कोई व्यक्ति अपनी निवेश यात्रा की शुरुआत करने जा रहा है तो सबसे पहले उसे यह देखना चाहिए कि क्या वह अपना निवेश सही समय पर शुरू कर रहा, जल्द शुरू कर रहा है या इसकी शुरुआत देर से करने जा रहा है। जी... हां... निवेश की शुरुआत करने से पहले यह जरूर देखना चाहिए कि आप उचित समय पर अपना निवेश शुरू कर रहे हैं या नहीं। अगर आपका निवेश आपकी नौकरी के शुरुआती दिनों में शुरू किया जा रहा है तो यह बहुत अच्छी बात है लेकिन अगर आप अपना निवेश नौकरी मिलने के 10 से 15 साल बाद शुरू करने जा रहे हैं तो आपको अपने निवेश की रणनीति बदलनी होगी। आपको ऐसी रणनीति बनानी होगी जिससे उस नुकसान की भरपाई हो सके जो नुकसान आपने निवेश का फैसला लेने में देरी करने की वजह से उठाया है।

## देरी से निवेश में नुकसान

अगर आप अपना निवेश देरी से शुरू करते हैं तो आपको काफी ज्यादा नुकसान होता है। आप सोच रहे होंगे कि जब निवेश किया ही नहीं तो नुकसान कैसा ? अगर आप ऐसा सोच रहे हैं तो गलत सोच रहे हैं क्योंकि अगर आप आपने आज से 15 साल पहले निवेश शुरू कर दिया होता तो आज आपके पास एक बड़ी रकम होती जो अगले 15 साल बाद आपको करोड़पति बना सकती थी। देरी से निवेश शुरू करने के कारण आपको इस रकम का नुकसान उठाना पड़ा है इसलिए आपको अपना निवेश शुरू करने से पहले ऐसी रणनीति तैयार करनी होगी जिससे इस नुकसान को कवर किया जा सके। आइए अब हम आपको बताते हैं कि देरी से निवेश शुरू करने के कारण आपको हुए नुकसान की भरपाई के लिए रणनीति कैसे बनाएं।



## कैसी हो निवेश की रणनीति

पर्सनल फाइनेंस के एक्सपर्ट्स ने निवेश की रणनीति बनाने के लिए कुछ ऐसे फार्मूले सुझाए हैं जिससे आपको यह सुनिश्चित करने में आसानी होती है कि आपको किस उम्र में निवेश शुरू करने पर सालाना तौर पर कितना निवेश करना होगा। इन फार्मूलों का इस्तेमाल करके आपक यह भी सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपको किस फार्मूले के साथ अपनी निवेश यात्रा शुरू करनी है। निवेश का सफर शुरू करने से पहले दो चीजों को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। समय और निवेश पर मिलने वाला रिटर्न। यहां हम आपको कुछ ऐसे 5 फाइनेंशियल रूल्स (नियम) या फॉर्मूलों के बारे में बता रहे है।

## निवेश के फार्मूले

वित्तीय क्षेत्र के विशेषज्ञों ने जो फार्मूले सुझाए हैं उनमें से एक फार्मूला है नियम 70 का। इसके अलावा नियम 72, नियम 50:20:30, नियम 114 और नियम 100 माइनेका। निवेश की शुरुआत करने में इन फार्मूलों का इस्तेमाल करने से आपका निवेश पूरी तरह सुरक्षित रहेगा साथ ही आप सही आयु में अपना वित्तीय लक्ष्य हासिल करने में भी सफल होंगे।

## नियम 70 में क्या है

नियम 70 के तहत यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि आपके द्वारा निवेश की जाने वाली रकम परिपक्वता अवधि के वक्त आपके वित्तीय लक्ष्य के अनुरूप हो। नियम 70 के तहत आपको मौजूदा महंगाई दर से 70 को भाग देना होगा। भाग देने के बाद इसका जवाब 14 आएगा। इससे आपको यह पता चल जाएगा कि अगले 14 साल में आपके द्वारा किए जाने वाले निवेश का मूल्य घटकर आधा रह जाएगा। अतः आप अपने मासिक अथवा सालाना निवेश की रकम का चयन इस आधार को ध्यान में रखकर करेंगे तो निश्चित रूप से आपके निवेश को मुद्रास्फीति कभी भारी नहीं पड़ेगी और आपके निवेश मूल्य पर अपना असर नहीं छोड़ पाएगी। अगर आप अपने 1000 रुपए के निवेश का मूल्य 1000 रुपए ही बनाए रखना चाहते हैं तो आपको ऐसे निवेश उत्पाद में निवेश करना होगा जहां आपको सालाना कम से कम 5 फीसद से ज्यादा रिटर्न मिले।

## 50:20:30 का नियम

इस नियम के तहत आपको अपनी कुल मासिक आमदनी का 50 फीसद हिस्सा अपने घर की मुख्य जरूरतों जैसे खानपान और बुनियादी जरूरतों पर खर्च करना होगा। इसके अलावा 20 फीसद हिस्सा अन्य खर्चों के लिए तथा शेष 30 फीसद रकम निवेश पर खर्च करनी चाहिए। अगर आप इस फार्मूले को अमल में लाते हैं तो निश्चित रूप से आपका निवेश आपके वित्तीय लक्ष्यों को आसानी से हासिल कर लेगा।

## क्या बताता है रूल 72

रूल-72 आपको यह बताता है कि जो पैसा आप निवेश करने की योजना बनाए रहा है। वह पैसा कितने अर्से में दोगुना हो जाएगा। रूल 72 के बारे में हम यह कह सकते हैं कि यह रूल पैसा डबल होने का समय बताता है। इसके लिए सिर्फ करना यह होगा कि आपको अपने रिटर्न या ब्याज दर से 72 को भाग देना होता है। भाग देने के बाद जो संख्या निकल कर सामने आएगी उतने ही साल में आपका निवेश डबल हो जाएगा।

## रकम को तिगुना करने का समय बताने वाला रूल

अब हम आपको रूल 114 के बारे में बताते हैं। रूल 114 आपको यह बता देगा कि आपके द्वारा निवेश की जाने वाली रकम कितने साल में तिगुनी हो जाएगी। आप संभावित ब्याज दर अथवा रिटर्न दर से 114 को भाग देंगे तो जो संख्या सामने आएगी उतने ही साल में आपके द्वारा किया गया निवेश तीन गुना हो जाएगा।

## हंड्रेड माइनस रूल

इस रूल के तहत आपको यह पता चलता है कि अपनी उम्र के लिहाज से आपका निवेश कितना होना चाहिए अथवा आपको अपनी कमाई का कितना प्रतिशत निवेश करना चाहिए। इसके लिए आपको हंड्रेड यानी सौ में से अपनी उम्र के वर्ष को घटाना होगा। घटाने के बाद जो संख्या आएगी आपको उसी संख्या के उसे प्रतिशत मानते हुए आपको उतने प्रतिशत रकम को निवेश करना होगा।

# सातवें दिन भारत का डबल गोल्डन धमाका

## 19वें एशियाई खेलः पुरुष स्क्वैश टीम और टेनिस मिश्रित युगल जोड़ी ने जीते स्वर्ण पदक, शूटिंग में भारत की चांदी

**हांगझोउ,(एजेंसी)।** चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों के 7वें दिन भारत की झोली में दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित पांच पदक आए। भारत अब 10 स्वर्ण, 14 रजत और 14 कांस्य सहित कुल 38 पदक के साथ तालिका में चौथे पायदान पर हैं। भारत की पुरुष स्क्वैश टीम और टेनिस मिश्रित युगल जोड़ी ने शनिवार को एक-एक स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

सौरव घोषाल, महेश मनगांवकर और अभय सिंह की टीम ने रोमांचक मैच में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पाक के इकबाल नासिर ने महेश को 3-0 से हराकर मुकाबले की शुरुआत की, लेकिन सौरव घोषाल ने मोहम्मद आसिम खान को 3-0 से हराकर भारत को बराबरी दिलाई। इसके बाद अभय सिंह ने जमान नूर को 3-1 से हराकर यह मुकाबला भारत के पक्ष में कर दिया। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी एक अक्टूबर से एकल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में भाग लेंगे। भारत ने इस इवेंट में इससे पहले अपना पहला स्वर्ण पदक जीता था, जिसे इंचियोन 2014 में हासिल किया था।



पाकिस्तान को 2-1 से हराकर स्वर्ण जीतने की खुशी मनाते सौरव घोषाल, महेश और अभय।

### रोहन बोपन्ना-रुतुजा भोसले की जोड़ी ने जीता सोना



भारत के रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने टेनिस मिश्रित युगल टूर्नामेंट में चीनी ताइपे के सुंग-हाओ हुआंग और एन शुओ लियांग की जोड़ी को एक घंटे 14 मिनट में 2-6, 6-3, (10-4) से हराकर स्वर्ण पदक जीता। एशियन गेम्स में बोपन्ना का यह दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले एशियन गेम्स में रोहन बोपन्ना ने अपना पहला टेनिस फाइनल खेलते हुए जकार्ता 2018 में पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता था।

## 10,000 मी. रेस में कार्तिक ने रजत व गुलवीर ने जीता कांस्य

भारत के लंबी रेस के एथलीट कार्तिक कुमार और गुलवीर सिंह ने पुरुष 10,000 मीटर रेस स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। कार्तिक ने 28:15.38 सेकेंड के समय से रजत और गुलवीर ने 28:17.21 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। दोनों भारतीय अंतिम 100 मीटर में पदक की दौड़ में शामिल हुए जब तीन साथी प्रतिस्पर्धी टकराकर एक दूसरे के ऊपर गिर गए। कार्तिक का इससे पहले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 28:55.00 सेकेंड था जो उन्होंने पिछले साल राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक जीतकर हासिल किया था। उन्होंने जून में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैम्पियनशिप में 29:01.84 सेकेंड से स्वर्ण पदक जीता था। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के कार्तिक ने कहा, मैं जानता था कि मैं पदक जीतूंगा लेकिन मैं 27:50 सेकेंड समय से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने के लक्ष्य के साथ आया था। पर मैं ऐसा नहीं कर सका। 28:02.89 सेकेंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 2008 के बाद से सुरेंद्र सिंह के नाम है। वहीं 400 मीटर रेस के फाइनल में ऐश्वर्या मिश्रा महिलाओं की स्पर्धा में 53.50 सेकेंड के समय से चौथे स्थान पर रहीं जबकि मोहम्मद अजमल पुरुष स्पर्धा में 45.97 सेकेंड से पांचवें स्थान पर रहे।



### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 114 | 68 | 34 | 216 |
| जापान | 28 | 38 | 39 | 105 |
| दक्षिण कोरिया | 27 | 29 | 54 | 110 |
| भारत | 10 | 14 | 14 | 38 |
| उज्बेकिस्तान | 10 | 11 | 16 | 37 |
| थाईलैंड | 8 | 4 | 14 | 26 |
| चीनी ताइपे | 7 | 9 | 9 | 25 |
| हांगकांग | 5 | 14 | 18 | 37 |
| उत्तर कोरिया | 4 | 6 | 4 | 14 |
| ईरान | 3 | 11 | 11 | 25 |

### भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम पहली बार फाइनल में

किदांबी श्रीकांत के निर्णायक मुकाबले में शानदार खेल की मदद से भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने सेमीफाइनल में कोरिया को 3-2 से हराकर पहली बार एशियाई खेलों के फाइनल में (स्वर्ण पदक मुकाबला) में जगह बनाई। एचएस प्रणय ने शुरुआती गेम में उलटफेर के बाद मजबूत वापसी करते हुए जियोन ह्योक जिन को हराकर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शुरुआती युगल मुकाबले मे हार गए। लक्ष्य सेन ने इसके बाद भारतीय टीम की वापसी करायी। श्रीकांत ने कोरिया के चो गोंयोप ने पहले गेम में पछाड़कर उलटफेर करने की कोशिश की। भारत रविवार को फाइनल में जब कई बार के स्वर्ण पदक विजेता चीन का सामना करने उतरेगा।

### सातवें दिन के पदक विजेता खिलाड़ी

- रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले टेनिस मिश्रित युगलः स्वर्ण पदक
- अभय सिंह, सौरव घोषाल, महेश मंगावंकर और हरेंद्र पाल सिंह संधू स्क्वैश पुरुष टीमः स्वर्ण पदक
- सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीमः रजत पदक
- कार्तिक कुमार 10,000 मीटर रेस स्पर्धाः रजत पदक
- गुलवीर सिंह 10,000 मीटर रेस स्पर्धाः कांस्य पदक

### सरबजोत व दिव्या ने शूटिंग में भारत को दिलाया 19वां पदक



भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम शूटिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय जोड़ी स्वर्ण पदक मैच में चीन के बोवेन झांग और रैनक्सिन जियांग से 16-14 से हार गई। सरबजोत सिंह-दिव्या टीएस ने एक समय स्वर्ण पदक प्लेऑफ में 7-3 से बढ़त बना ली थी, लेकिन झांग बोवेन और रैनक्सिन जियांग ने मजबूत वापसी की। एशियाई खेलों 2023 में निशानेबाजी में यह भारत का 19वां पदक था।

### महिला वॉलीबॉल टीम की निराशाजनक शुरुआत, उत्तर कोरिया ने दी शिकस्त

भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम की एशियाई खेलों में शुरूआत निराशाजनक रही जिसे पहले मैच में उत्तर कोरिया ने 3-1 से हरा दिया। भारत ने पहला सेट जीता लेकिन लय बरकरार नहीं रख सके। पूल ए के इस मैच में उत्तर कोरिया ने उसे 23-25, 25-22, 25-17 से हराया। उत्तर कोरिया की योंजू किम ने 30 अंक बनाये जबकि भारत की सूर्या ने 18 अंक जोड़े। भारत का सामना रविवार को अगले पूल मैच में चीन से होगा। भारतीय पुरूष टीम छठे स्थान पर रही थी।

### टेबल टेनिस में पहली बार महिला युगल पदक पक्का



सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी ने शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन चेन मेंग और वांग यिडी को हराकर एशियाई खेलों में महिला युगल टेबल टेनिस स्पर्धा में अपना पहला पदक पक्का किया। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 11-5, 11-5, 5-11, 11-9 से जीत दर्ज की। एशियाई खेलों में भारत का यह अब तक का तीसरा पदक होगा। इससे पहले जर्काता में 2018 के एशियाई खेल में पुरुष टीम और मिश्रित युगल शरथ कमल और मनिका बत्रा ने कांस्य पदक जीता था। महिला युगल टेबल टेनिस सेमीफाइनल में सुरतीर्था और अयहिका का मुकाबला डीपीआर कोरिया की सुयोंग चा और सुग्योंग पाक से होगा।

### लवलीना ने जीता भारतीयों का दिल, प्रीति ने भी गोल्डन टिकट की अर्जी लगाई

टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता और मौजूदा विश्व चैंपियन लवलीना बोरगोहेन ने एशियाई खेल के बॉक्सिंग में महिलाओं के 75 किग्रा सेमीफाइनल में जगह बना कर भारत के लिए एक पदक सुनिश्चित कर दिया। लवलीना ने शनिवार को क्वार्टरफाइनल में कोरिया की सुयेओन सियोंग को सर्वसम्मत निर्णय (5-0) से हराकर अंतिम चार में अपना स्थान पक्का किया। भारतीय मुक्केबाज ने मुकाबले की शुरुआत से ही प्रतिद्वंदी मुक्केबाज पर दबाव बनाए रखा और अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए राइट हैंड जैब का बखूबी इस्तेमाल किया और इस मुकाबले को अपने नाम कर लिया। एक अन्य मुकाबले में भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार ने महिलाओं के 54 किग्रा क्वार्टरफाइनल में कजाकिस्तान की जैना शेकेरबेकोवा को 4-1 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही प्रीति पवार ने भारत के लिए अगले साल होने वाले पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल किया। ज्ञातव्य है कि नेशनल ओलंपिक कमेटी के पास ओलंपिक खेलों में अपने संबंधित देशों के प्रतिनिधित्व के लिए विशेष अधिकार है।

## हॉकीः भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से रौंदा, सबसे बड़ी जीत

### कप्तान हरमनप्रीत की हैट्रिक, धमाकेदार जीत के साथ सेमीफाइनल के लिए किया क्वालीफाई



**हांगझोउ,(एजेंसी)।** कप्तान हरमनप्रीत की हैट्रिक सहित चार गोल की बदौलत भारत ने शनिवार को एकतरफा मुकाबले में पाकिस्तान को 10-2 से पीट कर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

पाकिस्तान के खिलाफ गोल अंतर के हिसाब से यह भारत की सबसे बड़ी जीत है। हरमनप्रीत ने 11वें, 17वें, 33वें और 34वें मिनट में गोल किए। वहीं वरुण कुमार ने (41वें और 54वें) दो गोल दागे। मनदीप सिंह (आठवें), सुमित (30वें), शमशेर सिंह (46वें) और अपना 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे ललित कुमार उपाध्याय (49वें) ने भी एक-एक गोल दागा। पूरी तरह से भारतीय दबदबे वाले मुकाबले में मोहम्मद खान (38वें) और अब्दुल राणा (45वें) ने गोल कर पाकिस्तान के हार के अंतर को कम किया। यह दोनों टीमों के बीच 180वां मैच था और आठ गोल के अंतर से मिली जीत भारत-पाकिस्तान हॉकी के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी जीत है। पाकिस्तान के खिलाफ भारत की इससे पहले सबसे बड़ी जीत का अंतर 2017 में 7-1 था। भारतीय टीम ने लगातार चार जीत के बाद 12 अंक के साथ पूल ए में अपना शीर्ष स्थान पक्का कर लिया है। टीम को पूल के अपने आखिरी मुकाबले में दो अक्टूबर को बांग्लादेश का सामना करना है।

## नीरज चोपड़ा को एशियाई खेलों में पदक जीतने की उम्मीद

### बोले, चोट के बारे में सोचना भी नहीं चाहता



**हांगझोउ, (एजेंसी)।** लंबे समय से ग्रोइन की चोट से परेशान ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा एशियाई खेलों में इस चोट के बारे में सोचना भी नहीं चाहते। चोपड़ा ने जकार्ता में 2018 में भालाफेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इस चोट के बावजूद उन्होंने इस सत्र में अगस्त में बुडापेस्ट में विश्व चैम्पियनशिप जीती और सितंबर में डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने कहा, मैं स्विटजरलैंड में अभ्यास और इत्मीनान से रिहैब के बाद यहां आया हूं। उम्मीद है कि सौ फीसदी देकर पदक जीत सकूंगा। उन्होंने कहा, चोट तो अभी भी है। पिछले साल भी मसला था लेकिन मुझे बेहतर लग रहा था। मुझे ख्याल रखना होगा क्योंकि पेरिस ओलंपिक की तैयारी भी है। इस तरह की चीजें शीर्ष स्तर पर खेलने वाले एथलीटों के साथ होती रहती है। उन्होंने कहा, मैने विश्व चैम्पियनशिप के दौरान भी इसके बारे में सोचने की बजाय अपने थ्रो पर फोकस किया। मैं इस समय भी चोट का ख्याल भी दिमाग में नहीं लाना चाहता।

### सुब्रतो कप सब-जूनियर के मुकाबले रविवार से

**बेंगलुरु, (एजेंसी)।** सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के 62वें संस्करण के सब-जूनियर (अंडर 14) बालक वर्ग के मुकाबले रविवार को बेंगलुरु में शुरू होंगे। यह पहला मौका है जब देश के सबसे प्रतिष्ठित इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट की राष्ट्रीय चैंपियनशिप राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बाहर खेली जा रही है। ग्रुप चरण के मैच एयर फोर्स स्कूल, जलाहल्ली, एयर फोर्स स्कूल, येलहंका और एयर फोर्स ट्रेनिंग कमांड में खेले जाएंगे। सभी नॉकआउट मैच आर्मी सर्विस कोर (एएससी) सेंटर में खेले जाएंगे। श्रेणी का पहला मैच एच.के. सिंह मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल, वेस्ट जैंतिया हिल्स, जोवाई, मेघालय और सैनिक स्कूलतिलैया, कोडरमा, झारखंड के बीच ग्रुप ए का मुकाबला होगा । यह मैच एयर फो स्कूलर्स, जालाहल्ली में सुबह सात बजे से खेला जाएगा। ग्रुप चरण के मैचों में बांग्लादेश की एक टीम सहित 37 टीमें प्रतिष्ठित खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। उन्हें आठ समूहों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रत्येक समूह के विजेता क्वार्टर फाइनल के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स का शुभारंभ आज

### सीएम चौहान करेंगे उद्घाटन

**भोपाल,(खेसं)।** खेलों एमपी यूथ गेम्स 2023 के राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का शानदार आगाज आज भोपाल के तात्या टोपे नगर स्टेडियम में शाम 6.30 बजे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया की उपस्थिति में रंगारंग शुभारंभ किया जाएगा।

कार्यक्रम में केन्द्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। खेलो एमपी यूथ गेम्स की भव्य तैयारी की गई है। टी.टी. नगर स्टेडियम के मुख्य ग्राउंड पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसमें प्रख्यात पार्श्व गायिका शिल्पा राव और वॉयस ऑफ इंडिया के विनर श्री पवनदीप राजन अपनी प्रस्तुति देंगे। राज्य स्तरीय खेलो एमपी-2023 की प्रतियोगिताएं 30 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक भोपाल, रीवा, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर, कटनी और शिवपुरी में खेले जाएगें।



### कुश्ती के मुकाबले शुरू

खेलों एमपी यूथ गेम्स में शनिवार को कुश्ती के मुकाबले शुरू हो गए हैं। इसमें इंदौर जिले ने सबसे ज्यादा पदक हासिल कर पदक तालिका में पहला स्थान बनाए हुए हैं। इंदौर की प्रियांशी कौशल ने 46 किलो वर्ग और प्राची जोशी ने 49 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इसी तरह अनिशा नायक (53 किग्रा), अनुष्का बाउराशी(57 किग्रा)तथा श्रेया बौराशी (65किग्रा) ने रजत पदक हासिल किया है। पदक तालिका में उज्जैन 2स्वर्ण और 1 कांस्य सहित कुल तीन पदक लेकर दूसरे स्थान पर है। तीसरे स्थान पर 1 स्वर्ण और 1 रजत के साथ जबलपुर जिला है।

## भोपाल में 5 अक्टूबर से शुरू होगा नेशनल ब्लाइंड क्रिकेट टूर्नामेंट

### 6 राज्यों की टीम लेंगी हिस्सा, ओल्ड कैंपियन मैदान पर होगा आयोजन



**भोपाल,(खेसं)।** मध्यप्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा राजधानी भोपाल में 5 से 8 अक्टूबर 2023 तक नेशनल ब्लाइंड क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ओल्ड कैंपियन क्रिकेट मैदान पर होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गोवा, पंजाब और ओडिशा की क्रिकेट टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम के लिए खेल चुके कई खिलाड़ी भी सम्मिलित हैं। इस दौरान क्रिकेट मैच देखने के लिए न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के प्रतिनिधि के आने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा कुछ महीने पूर्व ही संगठन के मध्यप्रदेश चैप्टर का गठन किया गया है।

#### मध्य प्रदेश की बीसीए टीम

**बी1 केटेगरीः** प्रदीप रजक, प्रकाश पटेल, नितेश राठौर, रवि यादव, रमेश टण्डन **बी 2 केटेगरीः** रमेश प्रजापति, संतोष साहू (उपकप्तान), मुकेश राठौर, अभिषेक खानगर, रोहित मवाशि, विजय सिलुकर, **बी3 केटेगरीः** धनसिंग, ज्ञानी विश्वकर्मा (कप्तान), अमित अहिरवार श्याम बहादुर, ओम प्रकाश साहू, **कोचः** मुकेश यादव।

**ऐसे हुआ एमपीबीसीए का गठन :** ब्लाइंड क्रिकेट काउंसिल की शुरुआत 1996 में सर जॉन अब्राहम द्वारा की गई थी। इस संगठन ने 1998 में पहला दृष्टिबाधित वर्ल्डकप ऑर्गनाइज किया। इसके बाद 2012 में कुछ पुराने खिलाड़ियों-वर्तमान महासचिव मानवेंद्र पटवाल, पूर्व कप्तान निर्मल कुमार एवं अध्यक्ष रवि वाघ द्वारा ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन की नींव रखी गई। फिलहाल यह एसोसिएशन देशभर में प्रतिवर्ष ब्लाइंड आईपीएल समेत 10 से 12 इवेंट सफलतापूर्वक आयोजित कर रहा है। 2014 में डॉ. मनीष चौधरी एवं श्याम मंडावर के प्रयास से मध्यप्रदेश में ब्लाइंड क्रिकेट का शुभारंभ हुआ।

#### ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन के अचीवमेंट

वर्ल्डकप फाइनलिस्टः 1998, 2002 एवं 2006, द्विपक्षीय सीरीजः पाकिस्तान एवं इंग्लैंड, 2012 से अब तक 7 आईपीएल नेशनल इवेंट्स वेस्ट जोन गोवाः मई 2023, देहरादून इवेंट जून 2023.

## पसीने की बदबू से दूसरों के सामने होती है शर्मिंदगी, जानिए इसका कारण और बचाव का तरीका

शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने के लिए हमारे शरीर से पसीना आना जरूरी होता है। क्योंकि पसीने के जरिए शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। लेकिन कुछ लोगों के अन्य लोगों की तुलना में अधिक पसीना आता है। ऐसे में ज्यादा पसीना आने पर शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी भी हो सकती है। अगर आपको भी जरूरत से ज्यादा पसीना आता है, तो इसके पीछे हेल्थ कंडीशन भी हो सकती हैं। बता दें कि अगर आपकी बॉडी से दुर्गंध आती है और पसीना भी ज्यादा आता है, तो इसका मुख्य कारण इंसुलिन रेजिस्टेंस भी हो सकता है। आज इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं कि इंसुलिन रेजिस्टेंस किस तरह शरीर को करता है। साथ ही कैसे एक डिटॉक्स वॉटर की मदद से इस समस्या से बचा जा सकता है।

**इंसुलिन रेजिस्टेंस की वजह से आता है पसीना-** इंसुलिन रेजिस्टेंस के कारण ब्लड शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव होता है। जिसकी वजह से हाइपरग्लाइसीमिया और हाइपोग्लाइसीमिया की समस्या हो जाती है। इस समस्या के होने से स्ट्रेस पैदा होता है और स्ट्रेस अधिक होने पर एड्रेनेलिन हार्मोन रिलीज होता है। इस कारण से पसीना अधिक आता है। ज्यादा पसीना आने से शरीर में गर्म वातावरण पैदा होता है। इससे बैक्टीरिया पनपने की संभावना अधिक होती है। इसी वजह से शरीर से दुर्गन्ध भी आने लगती है।

**इंसुलिन रेजिस्टेंस के लिए डिटॉक्स वॉटर की सामग्री-**

पानी- 1 लीटर

दालचीनी- 1 स्टिक

बेसिल सीड्स- 1 टीस्पून

कैमोमाइल टी- 1 टी बैग

**ऐसे बनाएं**

1 लीटर पानी के साथ एक गिलास जार में सभी इंग्रिडिएंट्स को मिक्स करें।

अब इसे 30 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।

फिर इस पानी को पूरा दिन में धीरे-धीरे पिएं।

**इंसुलिन रेजिस्टेंस को सुधारने में मदद**

बता दें कि दालचीनी में सिनामाल्डिहाइड पाया जाता है। यह इंसुलिन सेंसटिविटी को सुधारने में मददगार होता है। वहीं बेसिल सीड्स में घुलनशील फाइबर पाया जाता है। यह ब्लड शुगर लेवर को रेगुलेट करने में सहायक होता है। कैमोमाइल चाय सेल्स तक ग्लूकोज पहुंचाने में मदद करने के साथ ही इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ाने का काम करती है। इस डिटॉक्स वॉटर को पीने से आपका ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।

**वनडे वर्ल्डकप**

### टॉस के बाद नहीं फेंकी जा सकी एक भी गेंद, रिमझिम बरसात होने के चलते अंपायरों ने लिया फैसला

# भारत-इंग्लैंड वार्मअप मैच बारिश के कारण रद्द

**गुवाहटी,(एजेंसी)।** विश्वकप से पहले भारत और इंग्लैंड के बीच शनिवार को वार्मअप मैच में बारिश के कारण बगैर गेंद फेंके रद्द घोषित कर दिया है और दोनों टीमों को अभ्यास का मौका नहीं मिल सका। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया मगर बारिश के चलते दोनों टीमें मैदान पर नहीं उतर सकी।

शाम पांच बजे तक बारिश की तीव्रता में कमी आयी थी जिसके बाद अभ्यास मैच के शुरु होने की संभावना बढ गयी थी मगर आउट फील्ड के गीली होने और रिमझिम बरसात होने के चलते अंपायरों ने शाम साढ़े पांच बजे मैच को रद्द करने की घोषणा की। दोनों ही टीमों का यह पहला अभ्यास मैच था। इंग्लिश टीम शुक्रवार को गुवाहाटी पहुंची थी जिसके चलते उन्हें मौसम के साथ खुद को ढालने का मौका भी नहीं मिल पाया। शनिवार को वार्मअप दोनों टीमों को अभ्यास का बेहतरीन मौका दे सकता था।



### भारतीय वर्ल्डकप टीम में चुने जाने पर अश्विन बोले नहीं सोचा था मैं तीसरे विश्वकप में भी खेलूंगा...



चोटिल अक्षर पटेल के स्थान पर अंतिम समय में विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुने गए रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि जीवन अचरज और रोमांच से भरा होता है। उन्होंने सोचा नहीं था कि उन्हें तीसरी बार विश्व कप की टीम में शामिल किया जाएगा। अश्विन ने कहा, तीन महीने पहले किसी ने कहा होता कि मैं विश्व कप खेलूंगा तो मैं बोलता कि आप मजाक कर रहे हैं मगर लाइफ सरप्राइज से भरी होती है। सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं यहां रहूंगा। परिस्थितियों ने मुझे यहां खड़े होने का मौका दिया है। टीम मैनेजमेंट ने मेरे ऊपर भरोसा जताया है। विश्व कप से ठीक पहले टीम में चुने जाने पर पड़ने वाले दवाब को लेकर उन्होंने कहा, दवाब झेलना ऐसे टूर्नामेंट्स में काफी अहम होता है और यही तय करेगा कि टूर्नामेंट कैसा जाएगा। ये भारत के लिए मेरा आखिरी विश्व कप हो सकता है तो इसका लुत्फ लेना सबसे अधिक जरूरी है। गौरतलब है कि अश्विन को अक्षर पटेल की जगह भारत की विश्व कप टीम में शामिल किया गया है।

## नासिक में गणेश विसर्जन के दौरान 7 की डूबने से मौत

**नासिक, (एजेंसी)।** गुरुवार को भगवान गणेश की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान अलग-अलग घटनाओं में सात लोगों की डूबने से मौत हो गयी। सभी शव बरामद कर लिए गये हैं। पुलिस ने बताया कि चार मजदूर गुरुवार को गोदावरी नदी में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान फिसल जाने से डूब गए जिससे उनकी मौत हो गई। सभी शवों को दमकल कर्मियों ने गोदावरी नदी के पास तालकूटेश्वर पुल के पास से शुक्रवार को बरामद किया।

## तेलंगाना में अधिकारी के घर से दो करोड़ रुपए बरामद

**हैदराबाद, (एजेंसी)।** तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शनिवार को एक मंडल राजस्व अधिकारी (एमआरओ) के आवास पर छापेमारी की। इस दौरान लगभग दो करोड़ रुपए नकद और सोने के जेवरात भी बरामद हुए। एसीबी अधिकारियों को हैदराबाद के वनस्थलीपुरम इलाके के हस्तिनापुरम में अधिकारी के आवास पर लोहे के बक्सों में छिपाए गए नोटों की गड्डियां मिलीं।

## पाक में एक आतंकी ढेर, एक सैनिक की मौत

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में दो सैन्य अभियानों में कम से कम एक आतंकवादी कमांडर मारा गया तथा एक सैनिक की मृत्यु हो गयी। पाक सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर ने शुक्रवार की रात बताया कि सुरक्षा बलों के जवानों गुरुवार रात प्रांत में दो अलग-अलग स्थानों पर आतंकवादी समूहों से मुठभेड़ हुई। आईएसपीआर ने कहा कि सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर मर्दन जिले के कटलांग क्षेत्र में अभियान चलाया और इस दौरान फैसल नामक आतंकवादी मारा गया। सेना ने कहा कि मारा गया आतंकवादी कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था।

## जॉर्जिया चुनाव मामले में स्कॉट हॉल को दोषी ठहराया

वाशिंगटन, (एजेंसी)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े जॉर्जिया चुनाव हस्तक्षेप मामले में सह-प्रतिवादियों में से एक स्कॉट हॉल को फुल्टन काउंटी सुपीरियर कोर्ट ने दोषी ठहराया है। श्री हॉल पर सात आरोप हैं, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वह जॉर्जिया में 2020 के चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन की जीत को पलटने के लिए पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ एक साजिश का हिस्सा थे। श्री स्कॉट पर विशेष रूप से कॉफी काउंटी में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप है।

## अमेरिका कर रहा है सर्बियाई सेना की तैनाती की निगरानी

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** अमेरिका कोसोवो के पास एक बड़ी और 'अभूतपूर्व' सर्बियाई सैन्य तैनाती की निगरानी कर रहा है और बेलग्रेड से सीमा के पास तैनात अपने सैनिकों को वापस बुलाने की अपील की है। रणनीतिक संचार के लिए यूएस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने बताया कि हम निगरानी करने जा रहे हैं या हम कोसोवो के साथ सीमा पर एक बड़ी सर्बियाई सैन्य तैनाती की निगरानी कर रहे हैं।

## हाथी दांत के साथ महिला समेत 3 तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर/नैनीताल, (एजेंसी)। उत्तराखंड के काशीपुर में पुलिस ने शनिवार को चार किलो हाथी दांत के साथ तीन वन्य जीव तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला शामिल है। ऊधमसिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) टीएस मंजूनाथ ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आईटीआई थाना पुलिस को पिछले दिनों हाथी दांत की तस्करी की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस सक्रिय हो गयी। मुखबिर की सूचना पुलिस ने आज जाल बिछा दिया और तीनों तस्कर आसानी से जाल में फंस गये। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## आज का इतिहास

- **1847:** प्रख्यात समाजसेविका, लेखिका एवं स्वतंत्रता सेनानी एनी बेसेंट का जन्म हुआ।
- **1854:** भारत में डाक टिकट का प्रचलन आरंभ हुआ। टिकट पर महारानी विक्टोरिया का सिर और भारत बना होता था। इसकी कीमत आधा आना (1/32 रुपये) थी।
- **1895:** पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाक़त अली ख़ाँ का जन्म हुआ
- **1919:** हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी का जन्म हुआ।
- **1919:** हन्टर समिति की स्थापना ब्रिटिश सरकार द्वारा 1 अक्टूबर, 1919 ई. को की गई थी।
- **1924:** अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति जिमी कार्टन का जन्म हुआ।
- **1949:** चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के शासन की शुरुआत हुई।

## त्रिपुरा में टिपरा मोथा की हड़ताल से जनजीवन प्रभावित



**अगरतला, (एजेंसी)।** त्रिपुरा में 'राज्य के आदिवासियों की समस्याओं का संवैधानिक समाधान' की मांग को लेकर शनिवार को मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा की ओर से त्रिपुरा स्वायत्त जिला परिषद (एडीसी) क्षेत्र में 12 घंटे की हड़ताल का आह्वन किया गया है। टिपरा मोथा के समर्थकों की हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिल रहे हैं। इसने अंतर-जिला परिवहन सहित राज्य भर में सार्वजनिक यातायात को बाधित किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक किसी अप्रिय घटना की कोई खबर नहीं है।

मोथा समर्थकों ने रेलवे ट्रैक पर नाकाबंदी कर दी है, जिसके कारण खोवाई जिले के अथरमुरा पहाड़ी श्रृंखला में कई ट्रेनें फंसी हुई हैं। सैकड़ों यात्रियों को लेकर अगरतला आ रही ट्रेन को मुंगियाकामी में रोक दिया गया, जबकि अगरतला से ट्रेनों को वापस लौटा दिया गया और तीन अन्य ट्रेनें को रोक दिया गया।

# प्रयागराज में संगम पर 4 हजार हेक्टेयर में बसेगा कुंभ मेला

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कुंभ मेला-2025 में गंगा, श्यामल यमुना और अन्तः सलिला स्वरूप में प्रवाहित सरस्वती के संगम तट पर चार हजार हेक्टेयर में बसाया जाएगा।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संगम की रेती पर आस्था और विश्वास का यह सबसे बड़ा मेला है। त्रिवेणी की रेती पर अस्थायी तंबुओं के अनोखे शहर में श्रद्धालुओं को गंगा और यमुना के तटों पर आवागमन के लिए 30 पंटून पुलों को तैयार कराया जाएगा। इस बार कुंभ में दुनिया से करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं के मेले में पहुंचने की उम्मीद है। वर्ष 2019 के अर्ध कुंभ में करीब 25 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और लुप्त सरस्वती के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगायी थी।

**मेला क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से 25 सेक्टरों में बांटा जाएगा**

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को मेला प्राधिकरण की 15वीं बोर्ड बैठक में सैद्धांतिक स्वीकृति दी गयी। मेला क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से 25 सेक्टरों में बांटा जाएगा। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 14500 लाख टॉयलेट बनाए जाएंगे। उसकी साफ सफाई के लिए दस हजार सफाई कर्मी आबद्ध किया जाना प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 के अर्ध कुंभ को 3200 हेक्टेअर में बसाया गया था जबकि इस 2025 में 800 हेक्टेअर क्षेत्रफल की बढोतरी के साथ चार हजार हेक्टेअर क्षेत्रफल में बसाया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं के आवागम के लिए 22 पंटून पुलों को तैयार कराया गया था जबकि इस बार श्रद्धालुओं की अधिकता के अंदेशे को देखते हुए 30 पंटून पुल तैयार कराया जाएगा।

## स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने का संकल्प अब लोगों में दिख रहा




**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ अभियान के बारे में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रासगिकता और बढ़ा दी है। गांधी जी की 150वीं जयन्ती पर स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने का संकल्प अब लोगों में दिख रहा है। सरकारी कार्यालयों, स्वंयसेवी संगठनों ने अपने अपने क्षेत्रों में भी स्वच्छ रखने का बीडा उठाया है।

**महात्मा गांधी की 150वीं जयंती**

आज गांधी जी द्वारा दिये गये अभियानों में एक अभियान स्वच्छता अभियान पूरे देश में हो रहा है। केन्द्र और राज्य सरकारों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अब इसकी पहल करते हुए हांथों में झाडू लेकर लोगों को संदेश दिया कि अपने आस-पास भी सफायी सभी का व्यक्तिगत कर्तव्य है, लेकिन प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया नारा तब तक सफल नहीं होगा जब तक देश का प्रत्येक नागरिक अपने हिस्से की सफाई कर्तव्य समझकर नहीं करेगा।

## राजस्थान की योजनाओं को अध्ययन कराकर देशभर में लागू करे केंद्र: गहलोत

**झुंझुनूं।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान को सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में देश का मॉडल स्टेट बताते हुए केंद्र सरकार से मांग की है कि उसे राज्य सरकार की योजनाओं और फैसलों का अध्ययन करवाकर इन्हें पूरे देश में एक समान रूप से लागू करना चाहिए।

गहलोत शनिवार को झुंझुनूं के बिसाऊ में लगभग 150 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यां के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। श्री गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार के स्वास्थ्य का अधिकार, राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी, गिग वर्कर्स वेलफेयर एक्ट, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, किसानों की जमीन कुर्की से बचाने जैसे कानून, पुनः पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की शुरूआत, कामधेनु बीमा योजना, अनुप्रति कोचिंग योजना सहित विभिन्न नीतिगत फैसलों से हर वर्ग को राहत प्रदान की है।

उन्होंने कहा कि कई राज्य सरकारें हमारा अनुसरण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को भी राज्य सरकार की योजनाओं और फैसलों का अध्ययन करवाकर इन्हें पूरे देश में एक समान रूप से लागू करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने खाद्य सुरक्षा, सूचना, शिक्षा का अधिकार और मनरेगा के तहत रोजगार का अधिकार देशवासियों को एक समान रूप से दिया।

# सौ गांवों और सौ ब्लॉकों को चिन्हित कर उनके विकास का मॉडल बनाएं

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 112 आकांक्षी जिलों के विकास के कार्यक्रम की महत्वाकांक्षी सफलता और 25 करोड़ लोगों के जीवन में बदलाव आने की सराहना करते हुए आज नौकरशाही को नसीहत दी कि वे अब देश के सौ ब्लॉकों और सौ पिछड़े गांवों को चिन्हित करके उनके विकास का मॉडल तैयार करें।



**प्रधानमंत्री मोदी बोले, देश के 25 करोड़ लोगों के जीवन में आया बदलाव**

श्री मोदी ने यहां भारत मंडपम में देश के महत्वाकांक्षी ब्लॉकों के लिए 'संकल्प सप्ताह' नाम से सप्ताह भर का एक कार्यक्रम शुरू किया। इस अवसर पर उन्होंने महत्वाकांक्षी ब्लॉक प्रोग्राम पोर्टल भी लॉन्च किया और एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने ब्लॉक स्तर के तीन अधिकारियों से भी बातचीत की।

प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के बरेली के बहेरी की स्कूल शिक्षिका सुश्री रंजना अग्रवाल, मनकोट, पुंछ, जम्मू और कश्मीर से आए सहायक सर्जन पशुचिकित्सक डॉ. सजीद अहमद और मेघालय के रेसुबेलपारा, एनजीएच (गारो क्षेत्र) के जूनियर ग्रामीण विकास अधिकारी श्री मिकेनचर्ड च मोमिन से उनके क्षेत्र में उनके द्वारा की गयी पहलों के बारे में जानकारी ली और आकांक्षी ब्लॉक एवं जिला कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की भूमिका के महत्व को रेखांकित किया। श्री मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए उन लोगों का उल्लेख किया जो दूर-दराज के क्षेत्रों में विकास का ध्यान रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार की सोच का संकेत है कि इस तरह का जमावड़ा जी-20 शिखर सम्मेलन स्थल पर हो रहा है, जहां एक महीने पहले ही विश्व मामलों की दिशा तय करने वाले लोग एकत्र हुए थे। प्रधानमंत्री ने जमीनी स्तर पर बदलाव लाने वालों का स्वागत किया। श्री मोदी ने जोर देकर कहा, ''मेरे लिए यह सभा जी20 से कम नहीं है।''

## भरतपुर नरसंहार में 31 साल बाद 9 को सजा, 41 हुए बरी

**भरतपुर।** राजस्थान के भरतपुर की जिला एससी/एसटी कोर्ट ने शनिवार को कुम्हेर नरसंहार में अपना फैसला दिया। कोर्ट ने आरोपियों को दोषी करार देते हुए 9 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जबकि 41 लोगों को बरी कर दिया।

**कुम्हेर नरसंहार में मारे गए थे 16 दलित**

भरतपुर के नवगठित जिले डीग के पुलिस थाना कुम्हेर के अंतर्गत 6 जून 1992 को हुए इस हत्याकांड में अजा के 16 लोगों की हत्या कर दी गई थी जबकि 40 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे।

जाट और जाटव समुदाय के कुछ लोगों के बीच के विवाद ने नरसंहार का रूप ले लिया था। हमले में मारे गए और घायल सभी लोग जाटव समुदाय से थे। इस नरसंहार की वारदात ने देश की सियासत में तहलका मचा दिया था। सीबीआई को इस हत्याकांड की जांच के आदेश दिए गए थे।

## कांग्रेस की रैली में सिद्धू मूसेवाला को आरपीजी से उड़ाने का था प्लान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सिद्धू मूसेवाला हत्या के मुख्यारोपी कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने एक सनसनीखेज खुलासा किया है। गैंगस्टर लॉरेंस ने दिल्ली पुलिस को रिमांड के दौरान बताया कि सिद्धू मूसेवाला को पहले आरपीजी हमला कर उड़ाने की योजना थी लेकिन इस आरपीजी को उपलब्ध करवाने वाले लॉरेंस के पाकिस्तानी साथी और आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा ने आखिरी मौके पर प्लान बदल दिया। उसी आरपीजी का इस्तेमाल फिर मोहाली में पुलिस इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर पर हुए हमले में इस्तेमाल किया गया। गायक और कांग्रेस नेता रहे मूसेवाला पर यह हमला किसी रैली में किया जाना था।

**लॉरेंस बिश्नोई का सनसनीखेज खुलासा**

**प्लान बदलने की बताई वजह :** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने बताया कि सिद्धू मूसेवाला कांग्रेस में शामिल हो गया था और वह अक्सर कांग्रेस की रैलियों में भी जाता था। ऐसे में यह प्लान बनाया गया कि सिद्धू मूसेवाला पर आरपीजी हमला तब किया जाए, जब वह चुनावों में सार्वजनिक स्थल पर किसी रैली में हो। लेकिन इसमें सिद्धू के साथ वहां मौजूद अन्य लोगों की भी जान जाने का डर था। लॉरेंस इसकी पूरी तैयारी में था, लेकिन जब इस कदम के बाद कई और लोगों के मारे जाने की आशंका को देखते हुए इस फैसले को अंतिम समय में बदल दिया गया। फिर मोहाली में पंजाब पुलिस के इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर पर इस से हमला किया गया।

## छिड़ा विवाद: राजद नेता बोले-'पाउडर, लिपस्टिक और बॉब कट वाली औरतें...'

**पटना ■ एजेंसी**



महिला आरक्षण बिल को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी ने बेहद विवादित बयान दिया है। बिहार के मुजफ्फरपुर में जागरूकता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण में अति पिछड़ा, पिछड़ा, दूसरा का भी कोटा तय कर दीजिए तब तो ठीक है, वरना महिला के नाम पर पाउडर, लिपस्टिक और बॉब कट वाली औरत चली आएगी नौकरी में तो क्या आपकी महिलाओं को हक मिलेगा?

सिद्दीकी ने कहा देश में महिलाओं को रिजर्वेशन जाति, पिछड़े अति पिछड़े के आधार पर मिलना चाहिए। राजद सांसद मनोज द्वारा पढ़ी गयी कविता पर बवाल अभी रुका भी नहीं था कि इसी बीच सिद्दीकी का भी विवादित बयान आ गया। राजद इन दोनों बयानों से खुद को कैसे बचाती हैं यह देखना दिलचस्प होगा।

### भाजपा नेता ने बताया छोटी मानसिकता का उदाहरण

राजद नेता सिद्दीकी इस बयान पर चारों तरफ से घिरते दिख रहे हैं। भाजपा नेता कौशल किशोर ने इस बयान को छोटी मानसिकता का उदाहरण बताया। कौशल किशोर ने कहा कि यह उनकी छोटी मानसिकता की पहचान है। चुनाव जीतकर संसद में आने वाली महिलाएं न केवल महिलाओं के अधिकारों बल्कि जनता और हर आम आदमी के अधिकारों को भी आगे रखती हैं... गाड़ी के दो पहियों की तरह ही संसद और विधानसभा में महिलाएं और पुरुष मिलकर कानून बनाने का काम करेंगे।

**सिद्दीकी बोले- हमारा मकसद किसी को आहत करना नहीं था:** सभी तरफ से घिरने के बाद सिद्दीकी ने अपने बयान पर खेद जताते हुए कहा, मैं राजद के अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ की एक रैली थी, उसमें गांव की सैकड़ों महिलाएं आई थी।

## मणिपुर हिंसा अखंडता को बिगाड़ने की गतिविधियों का परिणाम :बीरेन

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शनिवार को कहा कि जो लोग इस राज्य को विघटित करना चाहते हैं उनकी गतिविधियां ही मणिपुर हिंसा का मूल कारण हैं।



श्री सिंह ने उन्होंने कहा कि भले ही संकट के कारण सभी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, फिर भी हम भगवान की कृपा से एक साथ रह रहे हैं।''

**प्रत्येक श्रमिक कार्ड धारकों को 5000 रुपये दिए जाएंगे**

मुख्यमंत्री ने बताया कि विस्थापितों के पुनर्वास के लिए विभिन्न स्थानों पर प्रीफैब्रिकेटेड आवासों का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है।

कुछ विस्थापित लोग, जिनके घर हिंसा में जलाए नहीं गए थे या जमींदोज नहीं किए गए थे, उन्होंने अपने मूल निवास स्थानों पर फिर से बसना शुरू कर दिया है। जिन लोगों के घर जल गए हैं, उनके लिए सरकार नए घर बनाने की योजना बना रही है।

## बारांबकी : रील बनाने के चक्कर में ट्रेन से कटा छात्र

**बाराबंकी।** बाराबंकी में रील बनाने के चक्कर में एक 16 साल का छात्र ट्रेन की चपेट में आकर कट गया। घटना गुरुवार 28 सितंबर की है। लेकिन उसकी मौत का वीडियो शनिवार को सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि लाल शर्ट पहने हुए एक लड़का सिर पर रुमाल बांधकर रेलवे ट्रैक के पास है, तभी उसके पीछे से ट्रेन आ जाती है।

ट्रेन की चपेट में आने से वह उछलकर किनारे गिर जाता है। ये पूरा घटनाक्रम दोस्त के मोबाइल में कैप्चर हो गया। वीडियो जहांगीराबाद थाना क्षेत्र से गुजरी रेलवे लाइन का बताया जा रहा है। छात्र के ट्रेन से कटने की सूचना पर जीआरपी और आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद घरवालों को सूचना दी गई। घरवालों के आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम हेतु भेजा दिया गया।

दोस्त से कहा था स्लो मोशन में बनाना: जहांगीराबाद कस्बे के टेरा दौलतपुर गांव निवासी 16 साल का फरमान 3 दोस्तों शोएब, नादिर और समीर के साथ बारावफात का जुलूस देखने के लिए शहाबपुर कस्बा जा रहा था। इसी बीच वह दामोदरपुर गांव में रेलवे क्रॉसिंग के पास रील बनाने चला गया। उसका एक दोस्त अप-लाइन पर खड़े होकर वीडियो शूट करने लगा। फरमान ने उससे स्लो मोशन में रील बनाने को कहा था।

## तमिलनाडु में टूरिस्ट बस खाई में गिरी, 59 लोग थे सवार, अब तक आठ लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के कुन्नूर के पास एक पर्यटक बस के घाटी में गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, दो ड्राइवरों सहित 59 यात्रियों को ले जा रही एक पर्यटक बस शुक्रवार शाम उस समय घाटी में गिर गई, जब वह कुन्नूर से तेनकासी जा रही थी। पर्यटक घूमने के लिए ऊटी आए थे और घर लौट रहे थे। हेयरपिन मोड़ वाली सड़क पर यात्रा करते समय बस अचानक घाटी में गिर गई। खबर सुनकर स्थानीय अधिकारी और बचावकर्मी मौके पर पहुंचे। जिन यात्रियों को बचाया गया, उनमें से आठ को अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित कर दिया गया। हादसे की खबर सुनकर स्थानीय अधिकारी और बचावकर्मी मौके पर पहुंचे। जिन यात्रियों को बचाया गया, उनमें से आठ को अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित कर दिया गया।

## स्कॉटलैंड में भारतीय उच्चायुक्त को गुरुद्वारे में जाने से रोका गया

**लंदन।** खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से कनाडा और भारत के बीच तनातनी लगातार बढ़ रही है, वहीं अब इसका असर स्कॉटलैंड के ग्लासगो में भी देखा गया है। यहां कट्टरपंथी ब्रिटिश खालिस्तानी समर्थकों के एक समूह ने 29 सितंबर को भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी को स्कॉटलैंड के एक गुरुद्वारे में प्रवेश करने से रोक दिया था। खालिस्तानी समर्थकों ने विक्रम दोरईस्वामी को कार से नीचे नहीं उतरने दिया था। इस दौरान कट्टरपंथी खालिस्तानी समर्थकों ने जमकर उत्पात मचाया था।

**खालिस्तान समर्थकों का उपद्रव**

सूत्रों के मुताबिक, ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने बहस में पड़ने के बजाय वहां से चले जाने का फैसला किया। इस मुद्दे को ब्रिटेन के विदेश कार्यालय और पुलिस के समक्ष भी उठाया गया है। इस दौरान एक सिख कार्यकर्ता ने बताया कि उनमें से कुछ को पता चला था कि दोरईस्वामी ने अल्बर्ट ड्राइव पर ग्लासगो गुरुद्वारा की गुरुद्वारा समिति के साथ एक बैठक की योजना बनाई थी।

# टाइगर-3 में जासूस बनने भाईजान ने वसूली 1 अरब रु. की भारी-भरकम राशि

Filmi तड़का




**तो कैटरीना कैफ ने वसूले 15 से 21 करोड़ रुपए**

मुंबई। सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म टाइगर 3' को लेकर काफी बिजी हैं। फैंस भी उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीजर में सलमान का टाइगर के रूप में एक्शन अंदाज देखने को मिला है, जिन्होंने 20 साल देश की सेवा की और फिर वो अपनी गद्दारी का दाग साफ करने और अपने बेटे की नजरों में हीरो में बनने के लिए एक मिशन पर निकल जाता है। टीजर में टाइगर के डॉयलॉग्स ने भी फैंस को खूब इंम्प्रेस किया है। सलमान खान, जिनकी लोकप्रियता भारी कीमत के साथ आती है, ने अवेटेड फिल्म में अपनी भूमिका के लिए भारी प्राइस लिया है। खबरों की मानें तो सबसे ज्यादा फीस लेने वाले अभिनेताओं में से एक बॉलीवुड के भाईजान ने अविनाश सिंह राठौड़ उर्फ टाइगर नाम के भारतीय जासूस का मुख्य किरदार निभाने के लिए 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की फीस ली है। हालांकि इसको लेकर अभी कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है। दूसरी ओर फिल्म में सलमान की कोस्टार और एक्ट्रेस, कैटरीना कैफ की अगर बात करें तो उन्होंने फिल्म के लिए उनकी फीस का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन रिपोर्टों से पता चलता है कि उन्होंने 15 से 21 करोड़ रुपये का पैसा लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाइगर 3, 300 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट में बनाया गया है।

## अनुपम खेर पहली बार अयोध्या पहुंचे ख्यात हनुमान गढ़ी मंदिर में की पूजा



**अयोध्या।** बहुमुखी अभिनेता अनुपम खेर इस समय अयोध्या की धार्मिक यात्रा पर हैं। शनिवार को अभिनेता ने अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए बताया कि वह पहली बार पवित्र शहर का दौरा कर रहे हैं और प्रतिष्ठित हनुमान गढ़ी मंदिर का दौरा करेंगे। उन्होंने न केवल मंदिर का दौरा किया बल्कि अपनी अगली पोस्ट में उन्होंने खुलासा किया कि वह पूरे भारत में 21 लोकप्रिय भगवान हनुमान मंदिरों पर वीडियो की एक श्रृंखला जारी करेंगे। अपने नवीनतम पोस्ट में, अनुपम खेर ने बताया कि उन्होंने अपने प्रशंसकों और उनके परिवारों के लिए अयोध्या के हनुमान गढ़ी मंदिर में प्रार्थना की। जय श्री राम! उन्होंने लिखा, यह एक दिव्य अनुभूति थी! वहीं अनुपम खेर अयोध्या के कनक भवन मंदिर में पूजा-अर्चना करने भी पहुंचे थे इस सप्ताह की शुरुआत में अभिनेता ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की, जहां उन्होंने बताया कि वह अगले दिन किसी शुभ कार्य के लिए अयोध्या जाएंगे।

## संस्कृति महोत्सव में 10 लाख लोग ले रहे हैं भाग

**बेंगलुरु।** वाशिंगटन डी.सी. का प्रतिष्ठित नेशनल मॉल में भव्य आयोजन किया गया, जिसमें रिकॉर्ड तोड़ अभूतपूर्व 10 लाख लोग आर्ट ऑफ लिविंग के विश्व संस्कृति महोत्सव का हिस्सा बनने के लिए एकत्र हुए। यहां 180 देशों के लोग; शांति, मानवता और संस्कृति के, पृथ्वी के सबसे बड़े उत्सव के लिए एकत्रित हुए। इस कायक्र म में एक विश्व परिवार का उत्सव मनाने के संदेश के साथ, वैश्विक गणमान्य व्यक्तियों का एक साथ आगमन, ग्रैमी पुरस्कार विजेताओं और अन्य प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा मनमोहक संगीत तथा रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं।

## आतंकी हमले की जांच में एनआईए की छापामारी

**जम्मू, (एजेंसी)।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के राजौरी के ढांगरी गांव में हुए, आतंकवादी हमले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने शनिवार को पुंछ जिले में कई जगहों पर छापे मारे।

एक अधिकारी ने कहा कि एनआईए टीम ने स्थानीय पुलिस की सहायता से सुबह पुंछ जिले में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। आखिरी रिपोर्ट आने तक छापेमारी जारी थी। साथ ही पुंछ जिले के गुरसाई गांव के दो लोगों पर आतंकवादियों को शरण देने के मामले में एनआईए ने पहले ही मामला दर्ज कर लिया है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जंयती पर जनपद भर में दी गई स्वच्छांजलि

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। प्रधानमंत्री जी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी को उनकी 154 जयंती की पूर्व संध्या पर स्वच्छांजली अर्पित करने के उद्देश्य से 01 अक्टूबर 2023 को सुबह 10 बजे सभी नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए 01 घंटे के श्रमदान का आवाहन किया गया था। जिसके क्रम में आज स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक तारीख, एक घंटा स्वच्छता के लिए जनपद के विभिन्न स्थलो व समस्त शासकीय कार्यालयों में साफ-सफाई किया गया। इसी क्रम में नगर पंचायत सैदपुर के वार्ड न0 03 रंगमहल घाट पर शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी मण्डलायुक्त वाराणसी मण्डल कौशल राज शर्मा ने ह्यस्वच्छता ही सेवा-2023ह्न कार्यक्रम एवं कचरा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 01 अक्टूबर को श्रमदान कर ह्यह्यएक तारीख, एक घण्टा स्वच्छता के लियेह्नह्न अभियान में प्रतिभाग करते हुए झाडू लगाया एवं कूड़े की सफाई किया। मण्डलायुक्त ने रंगमहल घाट पर पहुँचकर साफ-



सफाई अभियान में श्रमदान किया एवं उपस्थित नगरवासियों स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई तथा नगर पंचायत सैदपुर मे अच्छे कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्वच्छता अभियान में नगर पंचायत अध्यक्ष सैदपुर, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अरूण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सैदपुर, अधिशासी अधिकारी सैदपुर, प्राचार्य डायट, तहसीलदार सैदपुर, खण्ड विकास अधिकारी सैदपुर, एवं स्थानीय नगरवासियों ने बढ़ चढ़ कर श्रमदान करते हुए झाडू एवं फावड़े के साथ घाट की साफ-सफाई की। मण्डलायुक्त वाराणसी मण्डल कौशल राज शर्मा ने बताया कि स्वच्छता पखवाडे में जनपद गाजीपुर मे विस्तृत कार्यक्रम किये जा रहे है । जनपद के समस्त नगर पालिका परिषद, पंचायत, ब्लाक, ग्रामो में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित हुए है। 02 अक्टूबर को महात्मा गांधी जी की जयन्ती पर उन्ही के संकल्प से भारत में प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छता मिशन की शुरूआत की थी लेकिन थोड़ी बहुत कुछ कमियां रह जाने के कारण लोग दूबारा से इस अभियान में जुड़ कर अपने-अपने ग्रामो, वार्डो को सुन्दर व स्वच्छ बनाने सहभागी बने इसी क्रम मे प्रत्येक जनपद में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होने बताया कि आज 01 अक्टूबर को नगर पंचायत सैदपुर के रंगमहल घाट पर स्वच्छता कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। यह पखवाड़ा 15 दिनो तक लगातार पूरे जनपद के विभिन्न स्थलो पर चलेगा। 02 अक्टूबर गांधी जयन्ती के अवसर पर जनपद गाजीपुर में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होने कहा कि स्वच्छता एक निरंन्तर प्रक्रिया है जो हम सभी के दैनिक दिनचर्या में शामिल है, हमें अपने कार्यालय, घर, परिसर, सड़कों को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाये रखने में निष्ठा एवं तत्परता के साथ कार्य करना चाहिए। यही हमसब की महात्मा गॉधी जी के विचारों एवं प्रधानमंत्री जी की पवित्र सोच के प्रति सच्चा आदर एवं सम्मान है। उन्होने नगर वासियों से स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए अपना अहम योगदान देने एवं अपने घरों के साथ ही पास-पड़ोस में साफ सफाई बरकरार रखने एवं स्वच्छता के प्रति एक दूसरे को जागरूक करने की अपील की गई।

## क्षत्रिय महापंचायत के लिए जनसंपर्क



प्रखर वाराणसी। आगामी 29 अक्टूबर को क्षत्रिय महापंचायत वाराणसी के जाल्हूपुर में ययोजित हो रही है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के युवा लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। छतरी महासभा युवा के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र प्रताप सिंह ने बातचीत में कहा कि क्षत्रिय समाज हमेशा देश के लिए जिया और मरा है । हमें अपना इतिहास बताने की किसी को जरूरत नहीं है। क्योंकि इतिहास सिर्फ और सिर्फ हमारा ही है चाहे वह इतिहास न्यायप्रियता का हो, दान कर हो, या समाज को संरक्षण देने का रहा हो। क्षत्रिय हमेशा सबसे आगे रहा है । समाज को जोड़ने के लिए आगामी 29 अक्टूबर को वाराणसी के जाल्हूपुर में महापंचायत आयोजित की जा रही है। जहां देश पर मर मिटने वाले वीरों के परिवारों को सम्मानित किया जाएगा। समाज में तमाम कुरीतियों के खिलाफ महासभा लगातार संघर्ष कर रही है और हर वर्ग के शोषित पीड़ित के साथ क्षत्रिय समाज हमेशा से खड़ा रहा है। क्षत्रिय महासभा युवा भी ऐसे किसी अन्याय के खिलाफ समाज के साथ हमेशा खड़ी रहेगी। महापंचायत के संदर्भ में 1 अक्टूबर रविवार को क्षत्रिय महासभा युवा के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने विभिन्न गांवो अंबापर, कुकुढ़ा अमौली, छितौनी आदि में लोगों से मिलकर, आने का निमंत्रण दिया और महापंचायत को सफल बनाने का आवाहन किया।

# संक्षिप्त खबरें

## आईएएस कुमार सौरभ एसडीएम सदर का पद भार संभाला



प्रखर गोरखपुर। 2022 बैच के आईएएस अधिकारी कुमार सौरभ ने एसडीएम सदर का पदभार किया ग्रहण। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वकांक्षी योजनाओ को अमली जामा पहनाने के लिए अपने सहयोगी कर्मचारियों के साथ मिलकर गुणवत्ता युक्त निष्पक्ष बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहेंगे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर कुमार सौरभ ने बताया कि हमारे कार्यालय में आने वाले हर पीड़ित के साथ न्याय उचित न्याय देने का कार्य अधिवक्ताओं के साथ मिलजुल कर कार्य किया जाएगा हमारे कार्यालय पहुंचकर फरियाद लेकर आने वाले हर फरियादी को न्यायोचित न्याय संगत न्याय देने का कार्य किया जाएगा जिससे फरियादी को न्याय मिल सके हमारे कार्यालय पहुंचने वाले हर व्यक्ति एक समान है किसी के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर नेहा बंधु मूलतः उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जनपद के निवासी की प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा कानपुर में हुआ है वही से आईआईटी करने के बाद अपने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए यूपीएससी की परीक्षा 2021 के पास कर 2022 बैच के आईएएस अधिकारी बन गए तेजतर्रार आईएएस कुमार सौरभ सीएम सिटी के एसडीएम सदर का प्रभार ग्रहण कर मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी योजनाओं व परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे जिससे सदर तहसील का चौमुखी विकास हो सके।

## ग्राम पंचायत मिनवा में एक घंटा श्रम दान करके लोगों ने स्वच्छता का लिया संकल्प



प्रखर पाली, सहजनवां। स्वच्छता पखवारा को लेकर रविवार की सुबह ग्राम प्रधान और भाजपा कार्यकताओं द्वारा ग्राम पंचायत मिनवा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर भाजपा के कार्यकताओं द्वारा मिनवा में पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, कंपोजिट विधालय,रोड सहित अन्य स्थानों पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने को लेकर लोगो को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल, शक्ति संघ संयोजक कमलेश प्रजापति, अनिल त्रिपाठी, राजू पांडेय, रुचिका मिश्रा, सभानंद,राजीव गुप्ता, सुरेंद्र चौबे, कनक सिंह, गंगाशरण, अरविंद, कृष्णा, आफताब, करुणेश, सुरेंद्र, सफीक, चंद्रिका, रामकेश, सुखारी के साथ कई लोग मौजूद रहे।

## आईटीएम के छात्रों ने बनाया स्मार्ट एंटी डेंगू डस्टबिन



प्रखर गीडा, गोरखपुर। दो अक्टूबर गाँधी जयंती के अवसर पर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर के बी.सी.ए. के पांच छात्र आयुष राज,अभिनव तिवारी,हिमांशु गुप्ता,राज तिवारी, अंशिका सिंह,ने स्वच्छता अभियान व देश मे प्रदूषण की वजह से बढ़ने वाली बीमारीयों को देखते हुए एक स्मार्ट एंटी डेंगू डस्टबिन बनाया हैं ' ये डस्टबिन सामान्य डस्टबिन से अलग है क्यूंकि इसमें कूड़ा-कचरा इकठ्ठा होते ही सफाई कर्मी व नगर निगम तक सूचना पहुंच सकती हैं जिससे समय से सफाईकर्मी पहुंचकर डस्टबिन मे इकट्ठा हुए कचरे का निस्तारण कर शहर को स्वच्छ रखने में आसानी से सहयोग कर सकेंगे ' डस्टबिन मे अल्ट्रा वायलेट प्रकाश भी लगा हैं जो आस-पास के मच्छरों को अपनी ओर आकर्षित कर समाप्त कर सकता हैं ' छात्रों ने बताया स्मार्ट डस्टबिन से घर के साथ शहर को भी स्वच्छ रखने मे मदद मिलेगी डस्टबिन मे अल्ट्रासोनिक सेंसर लगा हैं जिससे डस्टबिन के सामने किसी के आने पर डस्टबिन मे लगा ढक्कन आटोमेटिक खुल जायेगा और कचरा डालने के बाद बंद हो जायेगा ' इस डस्टबिन को बनाने में लगभग आठ से दस हजार रुपए का खर्च आया हैं ' इसे बनाने में ऑर्डिनो,अल्ट्रासॉनिक सेंसर, इंफ्रारेड सेंसर, 3.7वोल्ट बैटरी,यू.बी.लाइट,आदि सामग्री का इस्तेमाल किया गया हैं ' संस्थान के निदेशक डॉ0 एन.के. सिंह ने बताया कि संस्थान के छात्रों द्वारा नए-नए तकनीकी पर आधारित उपकरण देश एवं समाज के लिए हितकारी साबित होंगे ' छात्रों के द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर बनाये गए इस डस्टबिन का प्रयोग करके हम अपने घरो से निकलने वाले कचरे को स्मार्ट तरीके से इकट्ठा करके अपने घर एवं शहर को गन्दगी से मुक्त रख सकते हैं ' इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया ,सचिव श्यामबिहारी अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया ,संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, डॉ आर एल श्रीवास्तव, डॉ ए आर त्रिपाठी, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, डॉ एस के पाण्डेय, शालिनी सिंह , ए के सिन्हा सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया।

# तैलिक साहू वैश्य सभा द्वारा 2 अक्टूबर कों मैदागिन से नाटी इमली तक निकाला जाएगा मोटरसाइकिल जुलूस

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। तैलिक साहू वैश्य सभा के पदाधिकारियों द्वारा एक अक्टूबर रविवार कों नाटी इमली स्थित भक्त कमार्वाई विद्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें बताया गया की तैलिक साहू की सभा वाराणसी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांधी जयंती समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है इस अवसर पर समाज के लोग 2 अक्टूबर 2023 सोमवार को मैदागिन स्थित टाउन हॉल से गांधी जी एवं कस्तूरबा जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर स्वच्छता अभियान का प्रचार प्रसार करते हुए सायं 3:00 बजे से एक विशाल मोटरसाइकिल जुलूस मैदागिन से चलकर विभिन्न क्षेत्रों से होता हुआ नाटी इमली स्थित साहू बाग में पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो जायेगा इस अवसर पर गांधी विषयक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया है। इस संपूर्ण



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिलीप पटेल (क्षेत्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी) एवं विशिष्ट तिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा नेता कन्हैयालाल गुप्ता होंगे। इस अवसर पर सभा द्वारा संचालित स्कूल भक्त कमार्बाई विद्यालय के बच्चों द्वारा अतिथियों के सम्मान में अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे इस अवसर पर समाज के हाई स्कूल इंटर एवं इसके ऊपर के शिक्षा क्षेत्र जो बच्चे फर्स्ट डिवीजन पास हुए हैं उनका भी सम्मान समाज के द्वारा किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में सुदर्शन प्रसाद गुप्ता (अध्यक्ष ), विनोद गुप्ता (महामंत्री ), विजय गुप्ता (कार्यक्रम संयोजक ), बाबूलाल गुप्ता ,जगदीश प्रसाद गुप्ता ,पीसी गुप्ता (युवराज ), रवीन्द्र गुप्ता , गिरधारी लाल , विनोद साहू , वीरेन्द्र गुप्ता , संजय गुप्ता ,मंगला प्रसाद गुप्ता , सुरेश गुप्ता ,अनिल साहू , कैलाश साहू सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर निकली स्वच्छता रैली व गोष्ठी का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। महात्मा गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार कों आराजी लाइन विकासखंड क्षेत्र के धनपालपुर स्थित पंचायत भवन पर रविवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो एवं पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, वाराणसी व युवक मंगल दल, धनपालपुर और हरियाली फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में एक दिन एक घंटा के तहत श्रमदान, गोष्ठी, स्वच्छता रैली प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, स्वच्छता शपथ और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता जन जागरूकता रैली को मुख्य अतिथि प्रशांत कक्कड़, मीडिया संचार अधिकारी पीआईबी व करियर गुरु रविंद्र सहाय तथा ग्राम प्रधान कैलाश मौर्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया यह रैली धनपालपुर गांव में घूमकर घर-घर स्वच्छता का संदेश देते हुए जागरूक




करते हुए पुनः पंचायत भवन स्थित कार्यक्रम स्थल पर आकर समाप्त हुआ ` कार्यक्रम के दौरान दिशा क्रिएशन वाराणसी द्वारा गांव में जगह-जगह नुक्कड़ नाटक व गीत के माध्यम से स्वच्छता के बारे में लोगों को जागरूक किया कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डॉ. लालजी द्वारा प्रश्नोत्तरी कर दस विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को हरियाली फाउंडेशन द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को स्वच्छता का शपथ दिलाया गया संचालन नंद किशोर राजभर ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेश मौर्या, नंदकिशोर राजभर, राम सिंह वर्मा, ओम प्रकाश सिंह, छोटेलाल गौतम, तारकेश्वर सिंह, संदीप, रामाश्रय , अजय , राहुल, रवि सिंह, प्रदीप सिंह, आशुतोष आदित्य, शिवकुमार इत्यादि युवा लोग शामिल रहे।

## एनडीआरएफ का वृहत स्वच्छता अभियान



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक के नेतृत्व में 11 एनडीआरएफ वाराणसी के बचाव कर्मियों द्वारा माँ गंगा के तट पर दशाश्वमेध घाट, राजेन्द्र घाट एवं दशाश्वमेध भवन वाराणसी मे भारत सरकार के दिशा निदेर्शानुसार विशेष स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत वृहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक ने बताया कि एनडीआरएफ टीमें अपने आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान, रैलियां, जागरूकता के कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित कर रहे हैं आज एनडीआरएफ टीमों के द्वारा वाराणसी, लखनऊ, गोरखपुर एवं भोपाल में वृहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है` स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य में अपने आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ व साफ रखने के लिए जागरूक करना हैं आपदाओं में राहत बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ सदैव तत्पर रहती है और इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण में भी अपना योगदान देती है` आज स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के साथ फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन का आयोजन स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत थीम के साथ गोदौलिया चौराहे से लेकर दशाश्वमेध घाट तक किया गया जिसमें एनडीआरएफ के महिला एवं पुरुष बचाव कर्मियों के साथ अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एनडीआरएफ के साथ स्वच्छता अभियान में नगर निगम, जल पुलिस तथा नाविकों ने भी भाग लिया तथा जवानों के स्वच्छता अभियान के जज्बे को देखते हुए इलाकों से युवा वालंटियर और स्थानीय लोग भी शामिल हुये मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्ष द्वारा स्वच्छता अभियान मे शामिल लोगों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

## मानव धर्म प्रसार सामाजिक संस्था की बैठक में दी गई श्रद्धांजलि




प्रखर विरनो गाजीपुर। क्षेत्र के ग्राम किशुनपुर गोपाल स्थित काली माता के चबूतरे पर मानव धर्म प्रसार समाज सेवी संस्था के स्थानीय शाखा की बैठक हुई। बैठक में किशुनपुर गोपाल निवासी संत गंगा राम दास के परम भक्त अशोक दास (60) के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक व्यक्त करने वालो में अ. भा यादव महासभा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, जि.पं. सदस्य पारस यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गुड्डू यादव,प्रधान रविंद्र नाथ यादव, पूर्व प्रधान अशोक यादव, अभय कांत यादव, दीना पहलवान, पिंटू यादव आदि रहे। अध्यक्षता झारखंड यादव व संचालन मधुरेश ने किया।

# गैंग बनाकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी का अपराध कारित करने वाले 03 अपराधियों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत की गयी कार्यवाही

प्रखर गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली द्वारा गैंग लीडर आलोक सिंह पुत्र स्व0 राम प्रताप सिंह उर्फ काशी सिंह निवासी म0नं0 67/42 पट्टी, वार्ड नं0-12 कस्बा बांसगांव थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर हाल पता श्रीनेत भवन प्लाट नं0-08 HIG लेक व्यू कालोनी तारामण्डल थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर वर्तमान पता म0नं0 सी 9074, 33 कसया रोड बांसगांव कालोनी बिलन्दपुर थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर तथा गैंग के 02 अन्य सदस्यों (सहअभियुक्तों) 2. गीता सिंह पत्नी आलोक सिंह निवासी म0नं0 67/42 पट्टी, वार्ड नं0-12 कस्बा बांसगांव थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर हाल पता श्रीनेत भवन प्लाट नं0-08 HIG लेक व्यू कालोनी तारामण्डल थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर वर्तमान पता म0नं0 सी 9074, 33 कसया रोड बांसगांव कालोनी बिलन्दपुर थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर 3. अभिषेक सिंह यादव उर्फ धनेश पुत्र श्री भवनाथ यादव निवासी ग्राम बरहुआ यादव टोला पानी की टंकी के सामने थाना गीडा जनपद गोरखपुर, जिनका एक विधि विरुद्ध गैंग है, के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है ।

उक्त गैंग का लीडर आलोक सिंह स्वयं व अपने गिरोह के अन्य 02 सदस्यों के साथ आर्थिक, भौतिक, दुनियावी व अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से सामूहिक रूप से एक संगठित गिरोह बनाकर जनता के व्यक्तियों को विश्वास में लेकर किराये का मकान लेकर फर्जी हस्ताक्षर बनाकर किराये का मकान हड़प लेना तथा जमीन व मकान देने के बहाने रूपया पैसा लेकर धोखाधड़ी करते हुये कूटरचित दस्तावेज तैयार कर पैसा हड़प लेने का अपराध कारित करते रहते हैं। गैंग के सरगना एवं अन्य सदस्यों का सामान्यतः जन मानस में भय एवं आतंक व्याप्त है, जिसके कारण इनको स्वतंत्र विचरण करने से रोकने एवं धोखाधड़ी के अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट गोरखपुर द्वारा अनुमोदित गैंग चार्ट प्राप्त कर थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर पर गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए गैंग लीडर आलोक सिंह व गिरोह के 02 अन्य सदस्यों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मु0अ0सं0 0337/23 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधि0-1986 पंजीकृत किया गया है।

# संचारी रोगों से बचाव के लिए स्वच्छता और जागरूकता जरूरी : सीएमओ

प्रखर कुशीनगर। संचारी रोगों से बचाव के लिए स्वच्छता और जागरूकता जरूरी है। जन समुदाय को जागरूक करने लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह तथा दस्तक पखवाड़े के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। तीन से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह तो 16 से 31 अक्टूबर तक दस्तक पखवाड़ा मनाया जाएगा। दस्तक पखवाड़े के दौरान आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर संचारी रोगों के लक्षण वाले मरीजों की सूची बनाएंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश पटारिया ने बताया कि संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए तीन अक्टूबर से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आगाज होगा। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ पंचायती राज विभाग, नगर निकाय विभाग, पशुपालन, आईसीडीएस और कृषि



विभाग समेत विभिन्न सहयोगी विभाग और संस्थाएं एक साथ मिल कर बीमारियों से बचाव के कदम उठाएंगी। इसी दौरान 16 से 31 अक्टूबर तक आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं की टीम घर घर जाकर बुखार, कुपोषित बच्चों, टीबी, फाइलेरिया, कालाजार और कुष्ठ के मरीजों की सूची बनाएंगी। सभी सूचनाओं को ई-कवच पोर्टल पर अपलोड भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संक्रामक बीमारियों से बचाव में पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकताओं की अहम भूमिका हैं। स्वास्थ्य कार्यकर्ता जन जन तक संदेश पहुंचाए कि सफाई के सभी उपाय करके ही लोग बीमारियों से बच सकते हैं। लोगों के जीवन की रक्षा करने में स्वास्थ्य कार्यकताओं की अहम भूमिका है और सभी को समुदाय के विश्वास पर खरा उतरना है। उन्होंने कहा कि कहा कि एक माह का अभियान के दौरान लोगों तक यह संदेश पहुंचाना है कि नालियों में पानी जमा न होने दें, झाड़ियों की सफाई करें, घर में भी कहीं साफ पानी जमा न होने दें, हाथों की स्वच्छता का ध्यान रखें, शौचालय का प्रयोग करें, बच्चों को भी स्वच्छता व्यवहार सिखाएं और किसी भी प्रकार का बुखार हो तो अस्पताल के चिकित्सक से ही इलाज कराएं। बुखार के लक्षण दिखने पर आशा कार्यकर्ता की मदद से या स्वयं एम्बुलेंस पर फोन कर उसके साथ ही अस्पताल जाएं। अपने मन से दवा का सेवन नहीं करना है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा पखवाड़ा स्वच्छता अभियान पर सामूहिक श्रमदान किया गया



**राहुल चौबे**

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर वाराणसी श्री प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन से चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज 1 अक्टूबर को चोलापुर मंडल अंतर्गत रसड़ा ग्राम सभा में प्राथमिक पाठशाला और बाबा भीमराव अंबेडकर पार्क पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया गया और बाबा साहेब के प्रतिमा पर माला अर्पण किया गया जिसमें भाजपा कार्यकर्ता द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयुष्मान कार्ड के बारे में बताया गया जैसे रक्तदान शिविर वृक्षारोपण सहित अन्य कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं आज इस कार्यक्रम में हम सभी कार्यकर्ता साफ-सफाई का संदेश दे रहे हैं। इस क्रम में चोलापुर के रसडा गांव में हरहुआ ब्लाक प्रमुख विनोद कुमार उपाध्याय (बब्बू) जी का प्रवास चोलापुर के रसड़ा ग्राम सभा में हुआ। सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर, सिंह मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह, मंडल महामंत्री प्रमोद पांडे, चोलापुर मंडल मीडिया प्रभारी राहुल चौबे, राजीव पांडे, राम नगीना सेठ सुभाष सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं